तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 29 दिसंबर, 2024

12 डॉक्टर सहित दर्जनभर स्टाफ नर्स के स्थानांतरण से आक्रोश



13 भागवत कथा के सुनने मात्र से ही जन्म जन्मांतर के पाप दूर हो जाते हैं: आचार्य दुबे



[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]




## खबर संक्षेप

### पेट्रोल पंप में लूटपाट करने वाले पकड़ाए

**भिलाई।** पेट्रोल पंप में लूटपाट करने वाले दो फरार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पंप के छत्रपाल साहू ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। उसके बाद नंदिनी पुलिस ने जांच शुरु किया और अपचारी बालक और एक युवक को गिरफ्तार किया था। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि नंदिनी पुलिस एसीसीयू की टीम ने फरार थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी ग्राम कोडिया निवासी बंटी उर्फ ओंकार यादव, नरेश यादव को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब हो कि मेडेसरा में स्थित बोथरा पेट्रोल पंप से 19-20 दिसंबर की दरम्यानी रात चार युवकों ने पेट्रोल भरवाने के नाम पर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। पंप से आरोपियों ने 28 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए थे। कार्रवाई में एसीसीयू प्रभारी तपेश्वर नेताम, नंदिनी टीआई मनीष शर्मा समेत टीम का अह्म योगदान रहा है।

### पुलिस का नेम प्लेट लगाकर घूमने वालों पर कार्रवाई

**भिलाई।** कार में पुलिस का नेम प्लेट, सायरन, काला शीशा लगाकर घूमने वाले के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की है। एसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया कि कार सीजी 13 यूजी 8280 के चालक को सिरसा गेट भिलाई तीन से पीछा करते हुए खुर्सीपार गेट में घेराबंदी कर पकड़ा गया। कार चालक रायपुर से दुर्ग की ओर आ रहा था। जिसे कुम्हारी चौक में रोकने पर कट मारकर आगे निकल गया। ऐसे ही सिरसा गेट चौक, डबरापारा चौक पर भी नहीं रुका। वाहन चालक शिवपुरी जामुल निवासी जितेन्द्र दुबे को कट मारते हुए वाहन भगाने का प्रयास कर रहा था। सहायक उप निरीक्षक राजकुमार दुबे, आरक्षक महेश यादव ने सिरसा गेट से कार का पीछा कर रोकने का प्रयास किया। चालक वाहन भागने लगा। खुर्सीपार चौक में ड्यूटी में तैनात आरक्षक जागेन्द्र साहू को पाइंट देकर चौक में रायपुर से दुर्ग मार्ग ट्रैफिक को रोक कर जाम लगाने कहा गया। जिस पर वाहन चालक को भागने का जगह न मिलने पर पकड में आ गया। वाहन चालक से उक्त वाहन में लाईट एवं सायरन लगाने की वजह पूछने पर बताया गया कि उक्त वाहन मालिक के द्वारा लाईट सायरन लगाया गया है। रायपुर एयरपोर्ट से दुर्ग बुकिंग के लिए भेजा गया था।

तत्कालीन कांग्रेस सरकार की नवमी से भी शुरू की गई आरटीई व्यवस्था का हाल

# नवमीं से बारहवीं के निर्धन बच्चों का शिक्षण शुल्क 2.74 करोड़ रुपए नहीं दे पाई सरकार

देवीलाल साहू ⏭भिलाई

दुर्बल वर्ग के बच्चों की शिक्षा के लिए केंद्र सरकार द्वारा अनिवार्य निःशुल्क बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों की पढ़ाई के लिए बनाया गया है। वर्ष 2009 से छत्तीसगढ़ में भी यह लागू हैं। पांच साल पहले कांग्रेस सरकार सत्ता में आई और केबिनेट में प्रस्ताव पारित करते हुए नवमी से बारहवीं तक के पात्र विद्यार्थियों के लिए यह दायरा बढ़ाया। कांग्रेस की सरकार चली गई लेकिन जो विद्यार्थी नवमीं में थे वे आज बारहवीं कक्षा में पहुंच चुके हैं। अकेले दुर्ग जिले में 3098 विद्यार्थियों का 2.74 करोड़ रुपए का शैक्षणिक शुल्क यानी फीस नहीं भरी गई है।



### 37 उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में पढ़ रहे हैं विद्यार्थी

तत्कालीन छत्तीसगढ़ सरकार की उच्चतर माध्यमिक शालाओं के दुर्बल वर्ग के विद्यार्थियों की यह आरटीई योजना वर्ष 2020-21 में शुरू की गई। जब यह शुरू हुई तो जिले में केवल 8 निजी स्कूल दायरे में आए और केवल 200 विद्यार्थियों को दाखिला मिला। उसके बाद ये विद्यार्थी दसवीं में पहुंचे और नवमीं कक्षा में आठवीं के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रवेश दिया। इस तरह वर्ष 2023-24 तक 137 उच्चतर माध्यमिक शालाओं में 3098 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। जिनकी फीस सरकार को भरना है।

### आठवी के बाद ज्यादातर छोड़ देते हैं स्कूल

पहली से लेकर आठवीं तक केंद्र सरकार द्वारा अनिवार्य निःशुल्क बाल शिक्षा अधिनियम वर्ष 2009 लागू किया गया है। इसलिए इन कक्षाओं के विद्यार्थियों को उनके निवास स्थान के समीपस्थ निजी स्कूलों में दुर्बल वर्ग के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करवाई गई है। आठवीं तक पढ़ाई करने के बाद बच्चे जब नवमी कक्षा में आते थे तो उन्हे फीस देनी पड़ती थी। इसलिए ज्यादातर बालिकाएं नवमीं कक्षा में ही प्रवेश नहीं लेती। छात्र सरकारी स्कूल में चले जाते। मौजूदाहालात को देखते हुए उच्चतर माध्यमिक शालाओं में आरटीई योजना प्रदेश सरकार ने प्रारंभ की।

### हर विद्यार्थी के लिए 15 हजार रुपए निर्धारित

उच्चतर माध्यमिक आरटीई योजना में सरकार ने हर विद्यार्थियों का अध्यापन शुल्क अधिकतम 15 हजार रुपए सालाना निर्धारित किया है। योजना के मुताबिक यदि स्कूल की सालभर की फीस यदि इससे अधिक होती है तो भी इतनी ही फीस दी जाती है। दुर्ग भिलाई में सबसे ज्यादा नामीगिरामी निजी स्कूल हैं। इन स्कूलों में विद्यार्थी पढ़ तो रहे हैं लेकिन फीस नहीं मिलने की वजह से दिक्कतें भी बढ़ती जा रही है।

### स्कूल प्रबंधकों का बढ़ रहा विद्यार्थियों पर दबाव

हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में आरटीई योजना से जुड़े विद्यार्थी बताते हैं कि फरवरी महीने से वार्षिक परीक्षाएं शुरू होने जा रही है। सालभर से फीस के पैसे नहीं मिले। स्कूल में यह दबाव बनाया जा रहा है कि फीस खुद से भर दो नहीं तो परीक्षा में बैठने नहीं देंगे। कई पालकों को भी बुलाकर इससे अवगत कराया जा रहा है कि वे फीस का इंतजाम जनवरी महीने की शुरूआत में ही कर लें। सरकार के फंड का और इंतजार नहीं कर सकते। प्रबंधकों को यह भी अंदेशा है कि ये योजना कांग्रेस सरकार की थी इसलिए वर्तमान सरकार इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया है। इस दबाव से सबसे ज्यादा मानसिक परेशानी दसवी और बारहवीं बोर्ड के विद्यार्थी गुजर रहे हैं। प्रेक्टिकल परीक्षा में नहीं बैठने की भी धमकी दी जा रही है।

### फंड का है इंतजार

उच्चतर माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों की आरटीई योजना के फंड का इंतजार है। फंड जैसे ही आएगा सभी स्कूलों को भुगतान कर दिया जाएगा। सरकारी फंड रूकता नहीं इसलिए स्कूल प्रबंधक विद्यार्थियों व पालकों पर कोई दबाव न बनाएं।

- **अरविंद मिश्रा,** डीईओ जिला शिक्षा विभाग दुर्ग

# फायनेंस कंपनी से 10 लाख का गबन करने वाले तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

स्पंदना स्फूर्ति फाइनेसियल लिमिटेड कंपनी में 10 लाख रुपए से अधिक के राशि गबन मामले में पुलिस ने बालोद और महासमुंद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 409, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि कैलाश

- एक आरोपी बालोद और दो आरोपी महासमुंद से पकड़ा गया

नगर एकता चौक लोहिया रोड़ ग्रेस कालोनी स्ट्रीट 7 हाउस 74 निवासी क्षेत्रीय प्रबंधक राजकुमार केवर्त 3 अगस्त को ट्रांसफर होकर जिला राजनांदगांव से भिलाई में रिपोर्टिंग हुआ है। क्षेत्रीय प्रबंधक के पद पर ज्वाइन करने के बाद कंपनी में पुराना रिकार्ड चेक किया गया। जांच करने के बाद जानकारी मिली कि वर्ष 2021 में स्पंदना स्फूर्ति फाईनेसियल लिमिटेड कंपनी शाखा ऑफिस जवाहर नगर दुर्गा मंदिर के सामने वैशाली नगर में स्थित था। तब शाखा प्रबंधक गीता राम साहू 2 अक्टूबर 2021 से 13 जनवरी 2023 तक पदस्थ था। ग्राम कोईदा बलौदा बाजार निवासी गीता राम साहू का कलेक्शन का फील्ड आडिटर राजेश बादल ने ऑडिट किया था। पुलिस ने जब आरोपी गीता राम साहू उर्फ करण, महासमुंद ब्रिजलाल साहू, अविनाश यादव को पकड़कर थाना लाया गया। पूछताछ करने पर घटना को करना स्वीकार किया।

### कस्टमर से वसूली रकम किया गबन

पुलिस ने बताया कि जांच में गीता राम साहू ने ग्राहकों से लोन की किश्त हर माह लिया। लेकिन शाखा में जमा नहीं किया। गीता राम साहू ने कुल 3 लाख 16 हजार 2 रुपए जमा नहीं किया। अविनाश यादव 10 अप्रैल 2022 से 08 जनवरी 2023 तक क्रेडिट असस्टिेंट के पद पर काम करता था। जिसमें शाखा में 22 लाख 3 हजार 595 रूपए, रितेश बंजारे 2 दिसंबर 2022 से 10 फरवरी 2024 तक काम किया। कुल 3 लाख 1 हजार 36 रुपए की राशि, बृजलाल साहू 2 दिसंबर 2022 से 16 फरवरी 2024 तक काम किया लेकिन शाखा में 1 लाख 82 हजार 771 रूपए जमा नहीं किया।

# ग्रीनलैंड की जमीन पर बना निजी स्कूल, संचालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- कृष्णा एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष समेत निगम अधिकारियों पर कार्रवाई

ग्रीनलैंड की जमीन पर पौध रोपण न कर स्कूल बनाने के मामले में पुलिस ने कृष्णा एजुकेशन सोसायटी अध्यक्ष, सचिव समेत नगर निगम के अधिकारियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 419,120 बी के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कृष्णा एजुकेशन सोसायटी को कलेक्टर ने वर्ष 2005 में जनवानी में 5999 वर्गफीट की जमीन पर पौध रोपण के लिए दिया गया था। जिसका खसरा नंबर 836, 837 दो भागों में है। जहां पर जिला प्रशासन के आदेश की अवहेलना करते हुए कृष्णा एजुकेशन सोसायटी ने पौध रोपण करना छोड़ बड़ा स्कूल खोल दिया। सोसायटी का अध्यक्ष नेहरु नगर निवासी एमएम त्रिपाठी, सचिव प्रमोद त्रिपाठी, मानचित्रकार पटेल समेत नगर निगम भिलाई के अफसर, कर्मियों ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर ग्रीन लैंड की सरकारी जमीन पर पौध रोपण करना छोड़ केपीएस स्कूल खडा कर लिया। जिसकी जांच होने के बाद ग्रीन लैंड की जमीन पर स्कूल खडा करना सही पाया गया। सुपेला पुलिस ने शिकायत के बाद अपराध कायम कर गिरफ्तारी की तैयारी में पुलिस जुट गई है। टीआई राजेश मिश्रा ने बताया ग्रीन लैंड की सरकारी जमीन पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर स्कूल बनाया गया था। पुलिस ने जुर्म दर्ज कार्रवाई किया है।

# मतदाता सूची की मेहनत पर फिरा पानी अब पन्द्रह दिन के अंदर अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- राज्य निर्वाचन आयोग ने 27 दिसंबर को जारी किए संसोधित आदेश

नगरीय और पंचायत चुनाव का इंतजार कर रहे लोगों के लिए बडी खबर सामने आई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा फिर से मतदाता सूची तैयार किए जाने का कार्यक्रम जारी करने के बाद एक बार फिर माथापच्ची करनी होगी। यानि अक्टूबर व नवंबर माह में किए गए प्रारंभिक और अंतिम प्रकाशन की सूची पर पानी फिर गया है। विगत शुक्रवार देर रात आयोग ने एक आदेश जारी कर पंचायत और नगरीय निकाय के लिए मतदाता सूची फिर से तैयार किए जाने के निर्देश के बाद राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई हैं। इस नए फरमान को द्वितीय चरण के नाम से जारी किया गया है, जिस पर गौर करे तो महज पन्द्रह दिन के अंदर निकाय और पंचायत का एक साथ प्रारंभिक प्रकाशन और अंतिम प्रकाशन की तिथि निर्धारित की गई हैं। पिछले दिनों राज्य से लेकर जिला निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के प्रारंभिक और अंतिम प्रकाशन व आरक्षण की तिथि को लेकर (दो-दो बार बदले तारीख) जमकर उथल-पुथल मची रही। अंत में राज्य निर्वाचन आयोग ने पूरा कार्यक्रम ही बदल दिया। जानकारों की माने तो पूर्व में नाम जोडने की अर्हता एक जनवरी 2024 से बढाकर एक अक्टूबर 2024 तक निर्धारित की गई थी। हर तीन-तीन माह में नाम जोडने के नियम के अनुसार जनवरी में चार माह हो जाता। यही कारण है कि, एक जनवरी से पहले ही पुनः मतदाता सूची कार्यक्रम जारी करना पड गया। इधर शुक्रवार को आदेश के वाइरल होने के बाद जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की होश उडे रहे। जनप्रतिनिधियों को अब फिर से निर्वाचन नामावली के लिए एक्सरसाइज करना पडेगा।

### पहले एक माह में हुई थी प्रक्रिया

पूर्व में निकायो के मतदाता सूची तैयार करने के लिए 16 अक्टूबर को प्रारंभिक प्रकाशन किया गया था, वही 22 नवंबर 2024 को अंतिम प्रकाशन कर दिया गया था। हांलाकि बाद में अंतिम प्रकाशन 11 दिसंबर कर दिया गया था। वहीं पंचायत चुनाव के लिए प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर 2024 और अंतिम प्रकाशन 29 नवंबर 2024 को निधारित था, जिसे बढाकर 13 दिसंबर कर दिया गया था। इस तरह पूर्व में एक माह में प्रारंभिक और अंतिम प्रकाशन किया गया था। वही दुबारा अंतिम प्रकाशन की तिथि बढाई गई थी, जिससे और भी समय मिल गया था। लेकिन नए आदेश में सिर्फ पन्द्रह दिन के अंदर प्रारंभिक और अंतिम प्रकाशन किया जाना है।

### एक साथ होगें निकाय और पंचायत के कार्यक्रम

निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 31 दिसंबर, दावे, आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख 6 जनवरी 2025 अपरान्ह 3 बजे तक, निपटारे की अंतिम तारीख 9 जनवरी 2025, निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील की अंतिम तारीख निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर, निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन, 15 जनवरी 2025 होगा।

मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, न्यूनतम तापमान 18 डिग्री

# शाम को तेज हवाओं के साथ बादल, बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

न्यू ईयर का स्वागत इस बार संभवतः बादलों के आगोश में होगा। मौसम विभाग की मानें तो आंध्र प्रदेश के दक्षिण और तमिलनाडु के उत्तर में एक चक्रवाती घेरा सक्रिय

- सुबह छाई रही धूप, उत्तर में चक्रवर्ती घेरा सक्रिय

है। इसके असर से तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो रही है। छत्तीसगढ़ के बस्तर के कुछ इलाकों में भी शनिवार को पूरे दिन बादल छाए रहे। कुछ जगहों पर बारिश भी हुई। इसके असर से दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव सहित आसपास के



अन्य जिलों में भी बारिश की संभावना बन रही है। इधर शनिवार को ट्विनसिटी में दिन में धूप खिली, शाम होते-होते तेज हवाओं के बीच बादल छा गए। मौसम विभाग की मानें तो अगले तीन दिन बारिश के आसार बन रहे हैं।शनिवार को जिले का न्यूनतम तापमान 18 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.5 डिग्री ज्यादा था। इसी प्रकार अधिकतम तापमान 30.9 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 3.9 डिग्री ज्यादा था। पिछले पांच दिनों से जिले का तापमान इसके आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग की मानें तो अगले चार से पांच दिनों से बादल छाए रहे हैं, इस वजह से ठंड का असर कम होगा। बादल छंटते ही ठंड बढ़ेगी।

### पिछले सात दिनों में जिले का तापमान (डिग्री में)

| जनवरी | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 28 | 30.9 | 18.00 |
| 27 | 32.2 | 16.2 |
| 26 | 29.6 | 15.60 |
| 25 | 29.2 | 14.00 |
| 24 | 28.8 | 14.40 |
| 23 | 29.00 | 15.00 |
| 22 | 30.40 | 17.00 |

### साल की शुरुआत के बाद बादल छंटते ही बढ़ेगी ठंड

मौसम विभाग की मानें तो नए साल की शुरुआत तो बादलों के साथ होगी, लेकिन इसके बाद बादल छंट जाएंगे। 5 जनवरी के बाद जिले में एक बार फिर कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार बन रहे हैं। बादल साफ रहने और उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के असर से ठंड बढ़ेगी। वर्तमान में बादलों की वजह से ठंडी हवाओं का असर कम हुआ है। जिले सहित प्रदेश का औसत तापमान न्यूनतम 15 और अधिकतम 28 डिग्री के आसपास है। प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना बन रही है। पश्चिमी विक्षोभ का ऐसा प्रभावमौसम विभाग के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ 68 डिग्री पूर्व और 17 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में हवा की दिशा में परिवर्तन हो गया है। जिसके कारण बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी आ रही है। प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है । प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। 29 दिसंबर को दक्षिण छत्तीसगढ में वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना है।

### गुंडागर्दी करने वाले युवको को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गुंडागर्दी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके अलावा युवकों द्वारा गाभिन गाय को ईंट से मारा जिससे उसकी मौत हो गई थी। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5) बीएनएस एवं 4,10 छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधि. के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल थाना प्रभारी कपिल देव पाण्डेय ने बताया कि घासीदास नगर जामुल निवासी अमन कुमार दुबेने शिकायत किया था, कि पीड़ित के पिता द्वारा उसे घर बुलाने की बात पर आरोपी अवधेश उपाध्याय, अरविंद उपाध्याय उर्फ मोनू, सोनू, प्रमोद उपाध्याय उर्फ छोटू के द्वारा गाली गलौज कर मारपीट किया। पीड़ित के घर में बंधी गाभिन गाय को ईट व पत्थर से मारकर आरोपियों द्वारा चोट पहुंचाने से पेट में ही गाय के बच्चें की मौत हो गई। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच में लिया। पुलिस ने आरोपी अवधेश , अरविंद , सोनू ,प्रमोद को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

**खबर संक्षेप**




### पात्र उम्मीदवारों की सूची निगम में की गई चस्पा

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम के दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों की अनुकंपा नियुक्ति की तैयारी चल रही है। समिति की अगली बैठक में इस पर मुहर भी लग सकती है। अनुकंपा नियुक्ति का इंतजार कर रहे 49 पात्र लोगों की निगम मुख्यालय में सूची चस्पा किया गया है। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने प्रकरणों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। नगर पालिक निगम में सेवाकाल के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के आश्रित परिवारों के अनुकम्पा नियुक्ति हेतु निगम मुख्यालय में प्रकरण प्राप्त हुए है। अनुकंपा आवेदन का छानबीन करने पर 49 प्रकरण पाये गये और उनके अनुसार सूची तैयार की गई है। यदि कोई आवेदकों का नाम सूची में शामिल नहीं है, वे 07 दिवस 01 जनवरी 2025 तक अपना दावा समस्त दस्तावेज के साथ आवेदन आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग के स्थापना शाखा में जमा करें। सूची का प्रकाशन नगर पालिक निगम के सूचना पटल में चस्पा किया गया है। बता दें कि दावा आपत्ति के बाद कार्रवाही कर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर जल्द अनुकम्पा नियुक्तियां होंगी। प्रदेश सरकार अनुकंपा नियुक्ति के मामले को लेकर काफी गंभीर है।

### भवन निर्माण हेतु 37 लाख रूपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग नगर विधानसभा के वार्ड 55 पुलगांव में ठाकुर पान ठेला से 100 मीटर की दूरी पर पानी पाऊच फैक्ट्री के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 37 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा की जाएगी।

### पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनसुार ग्राम खेदामारा निवासी विकास यादव की मृत्यु 02 नवम्बर 2022 को नहाने के दौरान पानी में डुबने से हुई थी। इसी प्रकार इंदिरा नगर हथखोज निवासी श्रीमती मंजू देवी की मृत्यु 09 अक्टूबर 2021 को आग में जलने से हुई थी। कलेक्टर द्वारा मृतक विकास यादव के पिता कुमार यादव को और मृतिका मंजू देवी की पति गोविंद कुशवाहा प्रत्येक को 4-4 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान की गई है।

# धान खरीदी की गति बेहद धीमी, पंजीकृत रकबे से आधी भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

धान खरीदी को सिर्फ एक माह यानि जनवरी ही रह गए है। लेकिन धान खरीदी की गति बेहद धीमी हैं। पिछले दो माह में टारगेट के मुकाबले आधी खरीदी हुई हैं, वही पंजीकृत रकबे से तुलना करे तो इसमें भी आधे ही रकबे में खरीदी हुई हैं। जिसके चलते अभी भी हजारों किसान धान बेचने से वंचित है। कई किसान ऐसे है, जिन्हें एक बार भी धान बेचने टोकन नही दिया गया हैं।

जानकारी अनुसार जिले में एक लाख 14777 किसानों ने 122799 हेक्टैयर रकबे में धान बेचने पंजीयन कराया है। अब तक जिले के सिर्फ 72262 किसानों से 34 लाख 7 हजार क्विंटल की ही धान खरीदी की गई हें। यानि एक हेक्टेयर में 52.50 की खरीदी होती है। उस हिसाब से सिर्फ 64904 हेक्टेयर में ही खरीदी की गई हैं। जबकि अभी भी कई किसानों को एक बार भी टोकन नही दिया गया हैं, वही कुछ किसान एक बार बेच चुके है, लेकिन वे दुबारा टोकन का इंतजार कर रहे है। धान की खरीदी आगामी 31 जनवरी तक होनी हैं।

## जिले के केन्द्रों में करोड़ों रूपए का धान जाम, बारिश से नुकसान की आशंका

### दो माह में कमजोर खरीदी, अब 21 दिन

एक नवंबर से धान की खरीदी शुरू हुई है। जिले में 67 लाख क्विंटल की खरीदी की जानी है। अब तक आधी यानि 34 लाख क्विंटल की खरीदी हुई हैं। इस तरह दो माह में आधी खरीदी हुई है। ऐसे में सिर्फ जनवरी माह में आधी खरीदी को लेकर संशय है। जबकि शनिवार और रविवार को धान खरीदी नही होती है, वही सरकारी अवकाश को छोड जनवरी में सिर्फ 21 दिन ही धान खरीदी होगी।



### उठाव में गंभीर नहीं बदली से नुकसान

जिले के 104 उपार्जन केन्द्रों में 24 लाख क्विंटल धान जाम हैं। कई सोसायटियों में टोटल खरीदी का पचास फीसदी भी उठाव नही हुआ हैं। जबकि मौसम में तब्दीली के चलते प्रबंधको को धान के भीगने की चिंता सता रही हैं। जिले में 151 राईस मिलर है, जबकि उठाव सिर्फ 107 मिलरों से करा रहा है, वे भी गिनती की ट्रको उपार्जन केन्द्रो में लगा रहे है। सूत्रों ने बताया कि, डीएमओ द्वारा दुर्ग के राईस मिलरों को अन्य जिला उठाव करने भेजने की तैयारी है। ऐसे में जिले में धान का उठाव कब होगा।

**प्रदर्शन :** स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ ने जताया विरोध, शासन से शिकायत

# डॉक्टर सहित दर्जनभर स्टाफ नर्स के स्थानांतरण से आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन के स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा ट्रांसफर पर रोक लगाए जाने के बाद भी सीएमएचओ द्वारा एक डाक्टर सहित दर्जनभर स्टाफ नर्सो का तबादला किए जाने से मामला गर्मा गया है। इस मामले का विरोध करते हुए स्वास्थ्य एवं बहुदेश्यीय कर्मचारी संघ छग ने राज्य शासन को पत्र लिखा है, वही जीवनदीप समिति के सदस्यों पर सवाल भी उठाए गए है। सीएमएचओ द्वारा किए गए इस तबादले को नियम विरूध्द बताया गया हैं।

जानकारी अनुसार दुर्ग जिले के स्वास्थ्य विभाग में मुख्य चिकित्सा एवम्‌ स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा 26 दिसम्बर को 12 अधिकारी कर्मचारियों का शासन के नियम के विरुद्ध स्थानांतरण कर दिया गया हैं। जबकि संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ द्वारा 25 अप्रैल 2023 और 10 अगस्त 2022 को सक्त निर्देश जारी करते हुए समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिया गया कि, स्वास्थ्य विभाग में संलग्नीकरण नही किया जा सकता हैं। इसके बावजूद दुर्ग जिले में इस तरीके का स्थानांतरण किया जाने से आक्रोशित संघ ने सीएमएमओ और जीवनदीप समिति के कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं, वहीं इस मामले की जांच कराकर दोषी अधिकारियों पर कडी कार्यवाही करने जीवनदीप समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर और राज्य शासन को ज्ञापन सौंपा गया हैं।

**स्थानांतरण के खिलाफ संघ ने की कार्रवाई की मांग**



### बगैर विभागीय जांच के एकतरफा कार्यवाही

संघ के सदस्यों का कहना है कि, वर्षों से कार्यरत 5 स्टॉफ नर्सों एवं एक सीनियर डॉ गायनकोलॉजिस्ट को नियम के विरुद्ध स्थानांतरित किया गया, जो पूर्णतः नियम के विरुद्ध है। क्योंकि शासन के द्वारा स्थानांतरण या संलग्नीकरण पूर्णतः प्रतिबंधित है। संघ ने इस बात को लेकर भी आपत्ति जताई कि, अगर स्टॉफ नर्सों एवं गानकोलॉजिस्ट का शिकायत जीवनदीप सदस्यों के द्वारा किया गया था तो नियमानुसार विभागीय जांच क्यो नही कराई गई। उनका पक्ष जाने बगैर ही तबादला किया जाना कहां तक सही है।

### जीवनदीप समिति ने की जांच

इस मामले में सीएमएचओ का कहना हैं कि, जीवनदीप समिति के सदस्यों द्वारा स्टाफ नर्स और डाक्टर की शिकायत मिली, जिस पर उनके द्वारा जांच की गई। उनका कहना है कि, मरीज के इलाज में लापरवाही पाया गया था। जिस पर समिति ने जांच की और रिपोर्ट दी थी। जिसके आधार पर ही कार्यवाही की गई हैं। इधर संघ का कहना हे कि, जीवनदीप समिति के सदस्य के शिकायत पर स्थानांतरण नियम विरुद्ध आश्चर्यजनक है। संघ ने आरोप लगाया है कि, जीवनदीप समिति का गठन अस्पताल में व्याप्त समस्याओं का निराकरण करने के लिए है। न कि अधिकारी एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण करने के लिए गठन किया गया है।

### इन डॉक्टर और स्टाफ का स्थानांतरण

जारी आदेश में उज्जवला देवांगन स्त्री रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय दुर्ग से सिविल अस्पताल सुपेला, ममता शर्मा नर्सिंग सिस्टर जिला चिकित्सालय दुर्ग से सिविल अस्पताल सुपेला, प्रीति सिंह स्टॉफ नर्स जिला चिकित्सालय दुर्ग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोहका, शांति साहू स्टॉफ नर्स जिला चिकित्सालय दुर्ग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जेवरा, प्रतिभा साहू स्टॉफ नर्स जिला चिकित्सालय दुर्ग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुर्सीपार, पूजा चौधरी स्टॉफ नर्स जिला चिकित्सालय दुर्ग से सिविल डिस्पेंसरी राम नगर किया गया है।

**नियम विरुद्ध**

बैन लगने के बाद भी स्थानांतरण किया गया हैं, जो नियम विरूध्द हैं। जांच में पक्ष जाने बगैर संलग्नीकरण करना गलत हैं। कलेक्टर एवं संचालनालय एवं सचिव परिवार कल्याण को आदेश निरस्त करने ज्ञापन दिया गया हैं।- **व्हीएस राव,** कार्यकारी प्रांताध्यक्ष, कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़

**नियम के तहत**

जीवनदीप समिति ने नर्सो और डाक्टर द्वारा मरीजों को सर्विस सही नही करने के मामले में जांच की थी। उनके रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की गई है, जो नियम के तहत हुई हैं।
**-डां मनोज दानी,** सीएमएचओ दुर्ग

# मतदाता सूचीः शिक्षकों की ड्यूटी से पढ़ाई होगी चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी एक मार्च से बोडी की परीक्षा निर्धारित है। लेकिन एक बार फिर निकाय और पंचायत चुनाव के चलते शिक्षको की ड्यूटी लगा दी गई है। जिसके चलते परीक्षा की तैयारी चौपट हो गई हैं। शिक्षको की ड्यूटी मतदाता सूची में नाम जोडने के लिए लगाने के कारण पालको की चिंता बढ गई हैं, वही शिक्षको की अनुपस्थिति में बच्चों को तैयारी करनी पडेगी।

- बोर्ड परीक्षा के बीच मतदाता सूची का कार्य करेंगे शिक्षक

पूरा वर्ष विधानसभा, लोकसभा और अब पंचायत व निकाय चुनाव के भेंट चढ गया है। विगत अक्टूबर और नवंबर माह में मतदाता सूची का कार्य किया जा चुका था। लेकिन 27 दिसंबर को राज्य निर्वाचन आयोग ने एक आदेश जारी कर फिर से मतदाता सूची तैयार करने के निर्देश दिए है। जिसके चलते

### पन्द्रह दिनों तक लगेगी ड्यूटी

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार 31 दिसंबर को मतदाता सूची के लिए प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। वही आगामी पन्द्रह जनवरी को अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। ऐसे में पन्द्रह दिन तक शिक्षक इस कार्य में जुटेगें। वही अगर चुनाव की स्थिति बनी तो परीक्षा बगैर तैयारी के ही बच्चों को देनी होगी।

शनिवार को ही जिला निर्वाचन आयोग द्वारा शिक्षको की ड्यूटी आदेश भी जारी कर दी गई है। बताया गया कि, दुर्ग के साठ वार्ड में सत्तर से अधिक शिक्षको की ड्यूटी लगा दी गई हैं। शिक्षको को पहले ही पाठ्यक्रम की पढाई कराने के बजाय बच्चों का आधार कार्ड बनाना, अपार आईडी व एनजीओ के किताबे पढाई कराने की जिम्मेदारी दे दी गई है। जिससे मुख्य पाठ्यक्रम की पढाई प्रभावित होती हैं।

### नकली खाद बीज बेचने वालों पर करें कड़ी कार्यवाही : डॉ. प्रतीक उमरे

**दुर्ग।** नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉण प्रतीक उमरे ने कृषि मंत्री राम विचार नेताम से किसानों को हर हाल में अच्छी गुणवत्ता की खाद-बीज और कीटनाशक मिलना सुनिश्चित किया जाने का आग्रह किया है साथ ही नकली खाद बीज बेचने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने कहा कि नकली या घटिया किस्मों के कीटनाशक खाद एवं उर्वरकों पर प्रभावी नियंत्रण के ठोस उपाय किया जाना अत्यंत आवश्यक है। कृषि केंद्रों की जांच नहीं हो रही है। ड्रग विभाग से लेकर कृषि विभाग के अधिकारियों का रवैया बेहद ही सुस्त है, जबकि घटिया खाद-बीज और कीटनाशक के मामले में बड़े विक्रेताओं और निर्माताओं पर भी सख्ती से कार्रवाई की जाना चाहिए।

# पतंग विक्रेता नहीं बेच पाएंगे चाइनीज मांझा, दुकानों में की गई चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पतंग विक्रेता की दुकानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश पर कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश एवं राजस्व अधिकारी मनीष कुमार गायकवाड़ के मार्गदर्शन में निगम प्रशासन राजस्व विभाग टीम की टीम द्वारा किया जा रहा है। नगर निगम की टीम मौके पर पतंग दुकानों पर आकस्मिक जांच की। पतंग दुकानों से चायनीज व नायलोन का मांझा डोर जब्त कर कार्रवाही की गई। निगम प्रशासन की कार्रवाही से दुर्ग शहर में अब नायलॉन चाइनीज मांझा का कहर नहीं रहेगा है।

- की जा रही जब्ती की कार्रवाई, दे रहे समझाईश

निगम टीम शहर क्षेत्र के बाजार क्षेत्रों सहित गली मोहल्ले में घूम-घूमकर दुकानों में जाकर नायलॉन चाइनीज मांझा की चैकिंग कर रही है। चैकिंग के दौरान जिस दुकान में चाइनीज मांझा



पाए जाते हैं उन्हें तत्काल जब्ती के साथ जुर्माना की कार्रवाही की जा रही है। बता दे कि दो दिन पूर्व चायनीज मांझे से एक 36 वर्ष व्यक्ति की चाइना डोर से गला कट जाने के बाद उन्हें भिलाई स्थित अस्पताल के आईसीयू में भर्ती करवाया गया। दो दिन आईसीयू में रहने के बाद युवक अभी खतरे से बाहर है। हादसे के बाद कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा सभी जिले के निकाय क्षेत्र के पतंग विक्रेता दुकानों में जाँच करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा चायनीज मांझे बिक्री जहाँ भी हो रही है ज़ब्ती करें। आगामी दिनों मकर संक्रांति मनाया जाएगा। जिसके चलते पतंग अभी से उड़ाई जा रही है। व्यापारियों को सख्त हिदायत दी कि अगर चाइना डोर बेचते हुए पाए गए तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### छात्रों ने किया छत्तीसगढ़ विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण

**दुर्ग।** सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा एंव महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने विधानसभा का शीतकालीन सत्र का दर्षकदीर्घा से प्रत्यक्ष अवलोकन किया। तत्पष्चात विधानसभा के पुस्तकालय एवं सेन्ट्रल हाल का भ्रमण कराया गया। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अवर सचिव ने छत्तीसगढ़ विधानसभा की निर्धारित कार्यप्रणाली की जानकारी एवं विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष चर्चा की। उन्होंने बताया कि सभा की बैठक का समय सामान्यतः प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक एवं अपरान्ह 3 बजे से सायंकाल 5:30 बजे तक निर्धारित है।

### बिजली कंपनी के अफसरों ने परिजनों को नहीं दी मुआवजा राशि

**दुर्ग।** बालोद जिले के सुरेगांव निवासी सुनहरे ठाकुर की बिजली पोल में काम करते समय करंट से मौत हो गई थी। लाइन मैन के जगह उसे बिजली पोल में काम कराया जा रहा था। लापरवाही से उसकी करंट लगने से मौत हो गई थी। मामले को पन्द्रह दिन से ज्यादा हो चुका है, लेकिन बिजली कंपनी के अफसरों ने परिजनों को मुआवजा राशि उपलब्ध नही कराई हैं।

मृतक के बडे भाई जेडराम ने बताया कि, बिजली कंपनी के अफसर मुआवजा राशि में समय लगने की बात कह रहे हैं। उल्लेखनीय है कि, 11 हजार केव्ही के करंट से युवक खंबे में ही जल गया। इस घटना के बाद विगत नौ दिसंबर को संविदा में कार्यरत लाइन स्टाफ कर्मचारियों ने दुर्ग डिविजन के कार्यालय में प्रदर्शन भी किया था। उन्होने मृत युवक को मुआवजा और नौकरी देने की मांग रखी थी। दुर्ग क्षेत्र में समस्त क्षेत्रों से आए विद्धुत संविदा कर्मचारी एवम महासंघ के शीर्ष प्रतिनिधियों द्वारा मृत स्व सुनहेर ठाकुर को श्रध्दांजलि देकर प्रदर्शन और मुख्य अभियंता दुर्ग क्षेत्र को ज्ञापन सौंपा दिया था। लेकिन अब तक परिजनों को राहत राशि उपलब्ध नही कराई गई हैं।




**जिला मुख्यालय के सामने तकनीकि खामी से जिम्मेदार अंजान**


# पटेल चौक का सिग्नल प्वाइंट बना डेंजर जोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला प्रशासन और यातायात विभाग भले ही घटनाओं को रोकने का दावा कर रहे हैं। लेकिन पटेल चौक में आय दिन वाहन चालक अफसरों के लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हें। सिग्नल के बीच कोई प्वाइंट नही होने से वाहन चालक आपस में टकरा रहे है। ऐसे में कभी भी बडी दुर्घटना हो सकती है।

- शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

जानकारी अनुसार पुलगांव चौक में मिनीमाता की मूर्ति को हटाए जाने के बाद चौक में बेरीगेट्स लगाए गए है। लेकिन पटेल चौक के बीच कोई भी बेरीगेट्स नही है। जिसके चलते सिग्नल चालू होते ही वाहन चालक तेजी से चौक पार करते है। ऐसे में दोनो तरफ से वाहन चालक गिरकर जख्मी हो रहे है। पटेल चौक से अगर किसी को कलेक्टोरेट जाना हैं, वही दूसरे चालक को बालौद की ओर जाना है। इस बीच दोनो वाहन चालक सिग्नल के बीच में टकराकर जख्मी हो रहे है। इस मामले की कई बार शिकायत भी की गई है। लेकिन यातायात विभाग के अधिकारी गंभीरता से नही ले रहे हैं।



### सेंटर बनाने से स्पीड होगी कम

वाहन चालको का कहना है कि, पटेल चौक सिग्नल के बीच बेरीगेट्स या अस्थाई सेंटर बनाने से जहां वाहन चालको की स्प्रीड कम रहेगी, वहीं दोनो ओर से आ रहे वाहन चालक को यह समझने का मौका मिलेगा कि, कौन किस दिशा में जा रहा है। वर्तमान में चौक के बीच का हिस्सा खाली है। जिसके चलते चालक आपस में भी भीड रहे हैं।

### चौक में आए दिन लग रही दुकाने

पटेल चौक शहर का सबसे व्यस्त मार्ग है। यही से रेल्वे स्टेशन के लिए चालक सफर करते है, वही तहसील कार्यालय होने से लोगों की आवाजाही बनी रहती हैं। इस जगह को खाली रखने के लिए कई बार अभियान चलाकर फल व सब्जी फूटकरों को हटाया गया। लेकिन आय दिन यहां ठेले लगने के कारण जाम की स्थिति रहती है। निगम प्रशासन की कार्यवाही सिर्फ खानापूर्ति तक सीमित है। यही हाल इंदिरा मार्केट चौक के पास बना हुआ रहता हैं।

## खबर संक्षेप

### श्रीमद् भागवत कथा 2 से



**उतई।** नगर के सांस्कृतिक भवन काली मंच हथखोज पारा में 2 से 8 जनवरी तक दोपहर 1 से संध्या 5 बजे तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं रसमय संकीर्तन का आयोजन किया गया है। कथा वाचिक सुश्री गोपीकेश्वरी देवी वृन्दावन धाम होंगी। कथा क्रमशः 2 जनवरी को वेदी पूजन,गौकर्ण कथा, कथा महात्मय ,3 जनवरी को परीक्षित जन्म, शुकदेव आगमन, वाराह अवतार, 4 जनवरी को सती प्रसंग, ध्रुव चरित्र,जड़ भरत कथा, 5 जनवरी को प्रहलाद चरित्र,वामन अवतार, श्रीकृष्ण प्राकट्य महोत्सव, 6 जनवरी को श्रीकृष्ण बाल लीला, ब्रह्ममोह,गिरिराज पूजन,7 जनवरी को रास, महारास वर्णन,कंसवध, रूखमणि विवाह, 8 जनवरी को सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा, गीता पाठ, फूलों की होली, कथा विश्राम, हवन पूर्णाहुति, चढ़ौत्री होगी। उक्त जानकारी श्रीराधे कृष्ण भक्ति रस प्रचार समिति उतई एवं आयोजिक समिति द्वारा दी गई।

### कुम्हारी में मड़ई आज

**कुम्हारी।** कुम्हारी में 29 दिसंबर को एक दिवसीय मड़ई मेले का आयोजन किया गया है। मड़ई सप्ताहिक बाजार शाकंभरी सब्जी मंडी परिसर में मनाया जाएगा। कुम्हारी मड़ई में आसपास के गांवों के लोग बड़ी संख्या में शामिल होते है। कार्यक्रम में अतिथि लोकसभा सांसद विजय बघेल, पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर एवं वार्ड 9 के पार्षद निश्चय वाजपेयी शामिल होंगे। वहीं मड़ई समिति के सदस्य फिंगेश्वर साहू ने बताया कि लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम जय छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी चंपारण की प्रस्तुति की जाएगी।

### ग्राम गोरकापार चीचा में 9 जनवरी को मंडई मेला

**अंडा।** ग्राम गोरकापार चीचा में 9 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर रात्रिकालीन 9 बजे छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी बिजेतरा भांठागांव सिकोसा वालों का कार्यक्रम रखा गया है। इसी साथ-साथ 11 और 12 जनवरी को दो दिवसीय मानस गान सम्मेलन रखा गया है। यह जानकारी उदला राम साहू ने दी।

## निधन

### अजय कुमार रामटेके



**भिलाई।** बीएसपी के मर्चेंट मिल कर्मी, सेक्टर 1 सड़क नंबर 2 ,क्वार्टर नंबर 16 ए, निवासी अजय कुमार रामटेके का शनिवार को इलाज के दौरान सेक्टर-9 चिकित्सालय के गहन चिकित्सा कक्ष में निधन हो गया। वे 51 साल के थे, और काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे संध्या रामटेक के पति, एहसास रामटेके, प्रियल रामटेके, प्रियांशी रामटेके के पिता थे।

### रामरती देवी



**भिलाई।** सेक्टर-4 बी मार्केट निवासी रामरती देवी का निधन शनिवार को हो गया। वे शिव बहादुर सिंह, अमर बहादुर सिंह, अनिल सिंह एवं सुनील सिंह परिहार की माता थीं। रितेश सिंह, प्रतीक सिंह, तुषार की दादी थी। उनका अंतिम संस्कार 29 दिसंबर को रामनगर मुक्तिधाम के लिए सुबह 11 बजे निकलेगी।

### रमाकांत मांढरे



**भिलाई।** रिसाली लक्ष्मीनगर निवासी एवं मराठा मित्र मंडल के आजीवन सदस्य रमाकांत मांढरे का शनिवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 29 दिसंबर को प्रातः 11 बजे उनके निवास स्थान से रिसाली मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी। उनके निधन पर मराठा मित्र मंडल ने शोक व्यक्त किया है। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

## हवन कथा व तुलसी वर्षा के साथ श्रीमद् भागवत हुआ समापन

# भागवत कथा के सुनने मात्र से ही जन्म जन्मांतर के पाप दूर हो जाते हैं: आचार्य दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

समीपस्थ ग्राम बोरीद में पाण्डेय परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा गुरुवार को जबरदस्त उत्साह के साथ गीता, सहस्त्र धारा तुलसी वर्षा हवन पूजन के साथ कथा का समापन हुआ। समापन दिवस पर हवन यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर विश्व शांति की कामना की। उन्होंने ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही जन्म जन्मांतर के पाप दूर हो जाते हैं। इस दौरान कथा स्थल पर देवी देवताओं के जयकारें भी गूंजतें रहे। भागवत भगवान के महत्व को बताते हुये कहा कि भागवत का सार तत्व है

- समापन दिवस पर महाभंडारे का आयोजन, श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया

भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और तपस्या, जो कभी भी खत्म नहीं होता है। भगवान श्रीकृष्ण भक्ति के अटूट प्रेम थे। पूरी संसार में श्रीकृष्ण के लिए ऐसा भक्ति जो कि जीवन ही तार कर दे। श्रीकृष्ण से जितना प्रेम करोगे उतना ही प्रेम का रंग चढ़ता जायेगा। भंडारे का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर डॉ शिवकुमार पाण्डेय, सरिता पाण्डेय , लवप्रसाद , रश्मि पाण्डेय , मीरा पाण्डेय, ईश्वर , रानू , सत्यनारायण, गुंडिया , संजय, अरुण , अनिता , ओमप्रकाश शर्मा, श्रुति, सुनीता , शैफाली, शिवानी , अपर्णा , बिसेलाल, घनश्याम वर्मा, मीना वर्मा, अशोक , अमन , आयुष, अंश , डॉली , शुभी , निधि , अंकिता , अधिक संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

**श्रद्धालुओं ने आहुति देकर विश्व शांति की कामना**



### हमारा दायित्व केवल जीवों को जन्म देना नहीं, मनुष्यत्व की स्थापना करना भी हमारा कर्तव्यः दीदी



**सेलूद।** आदर्श मानस मंडली पाहंदा व श्रीराम किंकर शिष्य सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में त्रिदिवसीय रामकथा का शुभारंभ दीदी माँ मंदाकिनी रामकिंकर के कर कमलों से दीप प्रज्वलित कर हुआ। कथा व्यास से मंदाकिनी रामकिंकर ने कहा कि हमारा दायित्व केवल जीवों को जन्म देना नहीं है, उसमें मनुष्यत्व की स्थापना करना भी हमारा कर्तव्य है। नवयुवक, कथा से जुड़ें और सदा के लिए ईश्वर का कृपापात्र बने । युग तुलसी ने जो विलक्षण श्रीराम कथा हमें धरोहर के रूप में दी है उसका हम आदर्श चरित्र निर्माण में सदुपयोग करें। हनुमानजी लंका पहुंच कर माता सीताजी से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं तब उन्हें कृतकृत्यता का बोध होता है। उन्होंने कृतकृत्यता शब्द का व्याख्या करते हुए कहा। कृत्य माने कर्म और कृत माने कर्म की पूर्णता। अर्थात अब उस साधक को कर्म करने की आवश्यकता नहीं है। कर्म जीवन की बाध्यता है। भारतीय जीवन दर्शन और पाश्चात्य दर्शन की भिन्नता का प्रतिवादन करते हुए दीदी माँ ने कहा कि भारतीय जीवन दर्शन लाइफ क्वालिटी और लाइफ स्टाइल पर आधारित है। जीवन कैसा है पर नहीं, जीवन क्यों मिला है? इस पर चिन्तन होना चाहिए। महाराज मनु के पास सभी भौतिक सुख सुविधा थी पर वे सत्य की खोज में निकल पड़े। और अंत में कठिन तपस्या के माध्यम से ईश्वर का साक्षात्कार किया। कार्यक्रम का संचालन पीला राम शर्मा ने किया। मौके पर सहदेव शर्मा, नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, नंदलाल देवांगन, मोहन साहू सरपंच, संतोष पांडेय, चैतन देवांगन, राजकुमार देवांगन, राम राजेश साहू, शत्रुहन लाल सोनी, सुरेश सिकारे सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे।

## क्रिकेट खेल हमें टीम वर्क, अनुशासन और साहस के महत्व को सिखाता हैः ललित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत नेवई थाना मरोदा टैंक भिलाई में आयोजित नेवई थाना टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ।

इस प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लिया। सभी टीमों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान फायर क्रिकेट टीम भिलाई नगर, द्वितीय रवि विश्नोई क्रिकेट टीम नेवई भिलाई ने प्राप्त किया। विजेता

- विजेता फायर क्रिकेट टीम भिलाई नगर बनी

दोनों टीमों को ट्रॉफी और नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। चंद्राकर ने विजेता टीम को सम्मानित करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल , पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू , पार्षद विधि यादव , सचिव रमेश वर्मा ,रवि धनकर, रूपेंद्र शाह, मुकेश यादव, मनोज साहू प्रमोद साहू , रोहित निषाद, मुकेश चौहान, पूनम चंद सपहा, नेवई थाना प्रभारी टीआई आनंद शुक्ला और आयोजन समिति के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में दर्शक दीर्घा उपस्थित रहे।

## मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाई।** बीएसपी के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2024-2025 के तहत टाउनशिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की दक्षता बढ़ाने के लिए विद्युत सिस्टम के यथोचित रखरखाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मेंटेनेंस कार्य के लिए बिजली आपूर्ति सुबह 10 से 1.30 बजे तक बाधित रहेगी।

**न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.-202410104400015/ ब-121 / वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अनिश बंजारे पिता चिंताराम बंजारे निवासी ग्राम सेवती तहसील बोरी जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम सेवती प.ह.नं.-11 राजस्व निरीक्षक मंडल बोरी तहसील बोरी जिला दुर्ग द्वारा अपने दादा खोरबाहरा सतनामी पिता स्व. सगुन सतनामी की मृत्यु दिनांक 17.07.1982 को हो जाने के कारण जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छत्तीसगढ राज्य) नियम 1973 के नियम 10(3) के अंतर्गत निर्देश / आदेश देने हेतु आवेदन पत्र मय सचिव सरपंच प्रमाण पत्र, पुलिस जॉच रिपोर्ट, पटवारी प्रतिवेदन, शपथ-पत्र संलग्न कर इस न्यायालय में पेश किया गया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक को उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 09/01/2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार
बोरी, जिला- दुर्ग (छ.ग.)

## अंचल की खबरें

### शिविर का उद्देश्य युवा वर्ग का व्यक्तित्व विकास





**अंडा।** रसमड़ा व पुरई स्कूल (एनएसएस ) का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन कोड़िया में खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली व राष्ट्रीय सेवा योजना, छत्तीसगढ़ शासन के अधीन रसमड़ा व पुरई स्कूल के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 23 से 29 दिसंबर तक ग्राम - कोड़िया (हनोदा) में किया जा रहा है। शिविर में 70 छात्राएं व 30 छात्र सम्मिलित हो रहे है। शिविर का उद्देश्य युवा वर्ग का व्यक्तित्व विकास व नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। शिविर में सभी स्वयंसेवक प्रातः 6 बजे रैली निकालकर स्लोगन व पोस्टर के माध्यम से लोगों में जागरूकता अभियान चला रहे है। पुरई के प्राचार्य सीमा दवे व व्याख्याता नवनीत ठाकुर मैडम को अपने बीच पाकर बच्चे काफ़ी उत्साहित हुए प्रतिदिन सुबह की शुरुआत योगाचार्य राम अवतार चंद्राकर व शीर्षसन के ग्रिनीज बुक रिकॉर्डधारी टिकेश्वर पटेल के द्वारा योगा, ध्यान व ज़ुम्बा डांस द्वारा करायी जाती है। सभी बच्चे गायत्री शक्तिपीठ द्वारा आयोजित 24 कुण्डीय यज्ञ में अपना सहयोग प्रदान कर रहे है । सम्पूर्ण कार्यक्रम व्याख्याता जयपाल सिंह गांवरे व विनोद सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है।

### विचक्षण जैन विद्यापीठ ने मनाया वार्षिकोत्सव



**कुम्हारी।** विगत दिनों स्थानीय विचक्षण जैन विद्यापीठ में सांस्कृतिक धारा सृजन-2024 वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। बच्चों ने सभी विषयों के शैक्षणिक उद्देश्यों को दर्शाने वाले मॉडल्स तैयार कर अतिथियों और अभिभावकों को अचंभित कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धमतरी की कलेक्टर नम्रता गांधी उपस्थित थीं। विशेष अतिथि नरेंद्र चोपड़ा और शांतिलाल चोपड़ा दुर्ग उपस्थित थे। स्वागत गीत के पश्चात दीप प्रज्जवलन और मंगलाचरण के साथ सृजन 2024 का शुभारंभ हुआ। समारोह में विचक्षण जैन विद्यापीठ प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश सावनसुखा सहित सभी सदस्य और प्राचार्य संजय मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारतीय त्योहारों और परंपराओं की सार्थकता के लक्ष्य पर आधारित यह वार्षिकोत्सव हर पर्व की सुरभि बिखेरता हुआ निरंतर आगे बढ़ रहा है। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य एवं नाटिका ने उपस्थित जनसमूह को मन्त्रमुग्ध कर दिया आयोजन में प्रत्येक क्षेत्र में विद्यापीठ का गौरव बढ़ाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यापीठ प्रबंधन समिति के संयुक्त सचिव विजय मालू ने धन्यवाद ज्ञापन और आभार व्यक्त किया।












## खबर संक्षेप



### बार व रॉड मिल के कर्मियों को मिला शिरोमणि

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल्स जोन-1 के अंतर्गत, बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) विभाग में पाली शिरोमणि एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।प्रबंधक ( श्रुति मेनन और उप प्रबंधक राजेश कुमार साहू को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जूनियर इंजीनियर ठाकुर ऋषिकेश सिंह, इंजीनियरिंग असोसिएट शिव कुमार और खोरबहरा राम को कर्म शिरोमणि पुरस्कार दिया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने और संसाधनों का उच्चतम उपयोग करते हुए बेहतर परिणाम प्राप्त करने पर जोर दिया।कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक समायला अंसारी द्वारा किया गया।

### टाउनशिप के आवासधारियों की बैठक आज

**भिलाई।** टाउनशिप में निवासरत बीएसपी के लाइसेंस धारक, लीजधारक तथा रिटेंशनधारियों की बैठक 29 दिसंबर रविवार को सुबह 11 बजे से सेक्टर 6 जुबली पार्क में रखी गई है। टीए संगठन के अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि आवासों को लेकर बीएसपी प्रबंधन के रवैये से निवासियों में रोष है। जिस पर बैठक में चर्चा की जाएगी और आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

### पुराने गीत हमारे मन को छू लेता हैः शिवनारायण

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में क्रिसमस डे व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मदिन के अवसर पर शिकसा भूले बिसरे हिन्दी गीत सदाबहार नगमे कार्यक्रम का आयोजन संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी के उपस्थिति व टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना शशिकला पांडे व राजगीत हेमराज निषाद ने प्रस्तुत कर किया। सर्वप्रथम संस्थापक व संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने कहा शिकसा भूले बिसरे गीतों के संर्वधन करने निरंतर कार्यक्रम का आयोजन करते आ रहे है। पुराने गीत हमारे दिल को छू लेता है।

# टाउनशिप के चौकों को हो रहा कायाकल्प, ट्रैफिक भी हुआ सुगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

## हरियाली और सुंदरता के साथ महापुरुषों की याद दिला रहे

टाउनशिप के चौकों को अधिक खूबसूरत बनाने के साथ आवागमन की दृष्टि से भी सुविधाजनक किया जा रहा है। भिलाई इस्पात संयंत्र नगर सेवाएं विभाग द्वारा विभिन्न सेक्टरों के प्रमुख चौराहों के नए सिरे से किए जा रहे सौंदर्यीकरण से अधिकांश आकर्षण का केंद्र बनने के साथ ट्रैफिक भी सुगम हो गया है। इसके साथ ही कई चौक महापुरुषों का स्मरण कराने के साथ हरियाली के साथ कलात्मक संदेश भी दे रहे हैं। टाउनशिप में सेंट्रल एवेन्यू मार्ग और रेलवे एवेन्यू और दुर्ग उतई रोड पर स्थित चौकों को अधिक आकर्षक बनाया जा रहा है। पहले की अपेक्ष अधिक चौड़े और सुंदर होने से इनकी खूबसूरती बढ़ गई है। चौडीकरण के साथ चारों ओर स्पेस तो बढ़ ही गया है साथ ही फूलों के पौधे भी बढ़ाने से हरियाली बढ़ गई है। सेक्टर 8 ग्लोब (रेल ) चौक, सीनियर सेकंडर स्कूल सेक्टर 7 चौक, सेक्टर 9 चौक, सेक्टर एक चंद्रमौर्या चौक और तालपुरी चौक आदि दर्जनभर चौकों को संवारा गया है। टाउनशिप के अधिकतर चौकों पर बीएसपी के उत्पादन, भिलाई की संस्कृति और फौलादी संस्कृति का संदेश देते आकर्षक कलाकृतियों के साथ देश के महापुरुषों की प्रतिमाएं भी स्थापित की गई हैं। एक चौक पर प्रसिद्ध कलाकार जतिन दास द्वारा तैयार संदेशपरक कलाकृति आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। सेक्टर 5 में 25 मिलियन टन चौक व सेक्टर एक चौक बीएसपी में श्रमैव जयते का संदेश देते कर्मवीरों को दिखाया गया है। तालपुरी चौक भी फौलादी संस्कृति का पैगाम दे रहा है। कुछ चौकों को रखरखाव के लिए रोटरी क्लब को जिम्मेदारी दी गई है।



### कहां हों कार्यक्रम

टाउनशिप के कुछ चौकों पर देश के महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित हैं। यह प्रतिमाएं समाज व प्रतिमा स्थापना समिति द्वारा स्थापित करने में योगदान दिया गया था। सेक्टर 9 चौक में अविभाजित मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रविशंकर शुक्ल की स्थापित है। चौक के पीछे सेक्टर 9 जेएलएन हास्पिटल में प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरु की प्रतिमा और कैजुअल्टी के सामने 1857 की क्रांति के नायकों की मूर्तिकार जेएम नेलसन की गढ़ी प्रतिमाएं स्थापित होने से यहां का महत्व बढ़ गया है। इसके अलावा सेक्टर 6 सुपेला अंडरब्रिज चौक जेपी स्मारक प्रतिष्ठान की जय प्रकाश नारायण की प्रतिमा स्थापित है। वहीं सेक्टर 7 भिलाई नगर स्टेशन चौक पर महाराणा प्रताप चौक प्रतिमा स्थापित है।

## विंडबना : बीएसपी ने की आधा दर्जन सुविधाओं व आयोजनों में कटौती

# इस्पात नगरी के कलाकारों को अब नहीं मिलता राष्ट्रीय मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

### फौलाद ढालने वाले कर्मवीरों का कैसे बढ़े हौसला





भिलाई में कला संस्कृति को बढ़ावा देकर प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में भिलाई इस्पात संयंत्र का महती योगदान है। इस प्रोत्साहन के कारण ही यहां का रंगमंच और संगीत राष्ट्रीय स्तर स्तर का है। लेकिन पिछले कुछ सालों से सांस्कृतिक गतिविधियों और कलाकारों की सुविधाओं को लेकर प्रबंधन के हाथ खींचने लेने से कलाकार व नाट्य संगठन निराश हैं। कलाकारों ने बंद की गई सुविधाओं व आयोजनों को फिर से शुरु कराने की मांग की है। बीएसपी में दर्जनभर से अधिक नाट्य संगठन बीएसपी से एफलेटेड हैं।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी का प्रख्यात पंडवानी गायिका तीजन बाई,पंथी नर्तक देवदास बंजारे,मूर्तिकार जेएम नेलसन, फिल्मकार सुब्रत बोस व अनुराग बसु कई कलाकारों राष्ट्रीय फलक दिलाने में महती किरदार रहा है। पिछले पचास साल से यहां आयोजित होने वाले गीत संगीत, लोक कला व नाट्य आयोजनों के चलते ही भिलाई की प्रतिभाएं देश भर में परचम लहरा रही हैं। लेकिन पिछले एक डेढ़ दशक से बीएसपी ने यहां होने वाली आधा दर्जन से अधिक नाट्य, संगीत, नृत्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं कम का कई को बंद भी कर दिया है। कई आयोजनों में भी कटौती कर दी गई है। कलाकारों के मुताबिक क्रीड़ा सांस्कृतिक समूह की 40 साल से अक्टूबर में आयोजित बहुभाषीय प्रतियोगिता पिछले कुछ साल से समय पर नहीं हो रही है। इस साल ईयरएंड के वक्त तक नहीं हुई है । इस स्पर्धा में प्रथम नाट्य दल को राज्य के बाहर दो राष्ट्रीय स्पर्धा में व द्वितीय को राज्य में 1 जगह व थर्ड को दल को स्टेट में 1 स्पर्धा में बतौर प्रतिभागी बीएसपी भेजता था। लेकिन पिछले 10 साल से अधिक वक्त से यह सुविधा बंद है। अलावा खुली संगीत नृत्य प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को चंडीगढ़, सोलन व शिमला राष्ट्रीय स्पर्धा में भेजने की सुविधा भी बंद हो चुकी है। बीएसपी डांस में 12 व नाटक में 15 स्थानीय विजेताओं को स्पांसर करती थी, जिसमें विराम लगने प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर मंच नहीं मिल पा रहा है।

### लाइट,माइक व हाल सुविधा बंद

बीसपी की बहुभाषीय नाट्य स्पर्धा में प्रथम नाट्य ग्रुप वर्षों से मिलने वाली प्रबंधन की मुफ्त लाइट, माइक व हाल की सुविधा भी दस साल से बंद है। हर महीने नाट्य शो के लिए विजेता नाट्य दल को प्रदान किए जाने वाली एक हजार को प्रोत्साहन राशि भी नहीं मिल रही है। हर माह पायोनियर मान्यूमेंट में होने वाली महक गायन शो भी महीनों से बंद है। ओपन एयर थिएटर प्रख्यात गीतकार व कवि नीरज, काका हाथरसी व अशोक चक्रधरी जैसे कई नामचीन कवियों की उपस्थिति में होने वाला अखिल भारतीय कवि सम्मेलन भी बंद हो चुका है। इसी तरह इंटर स्कूल नाट्य प्रतियोगिता वर्षों से नहीं हुई है। पहले यह आयोजन बीएसपी शिक्षा विभाग आयोजित करता था इसके बाद क्रीड़ा, सांस्कृतिक समूह व इप्टा मिलकर आयोजित करते थे। कलाकारों ने बताया कि बीएसपी प्रबंधन को पूर्व की तरह कला, संगीत आदि आयोजनों की समृद्ध परंपरा को फिर से समृद्ध करने में उदारता दिखानी चाहिए ताकि कीर्तिमानी उत्पादन व कामकाज में योगदान देने वाल बीएसपी कर्मियों व परिवारों का हौसला आगे भी बढ़ता रहे।

### ओपन एयर व नेहरु भवन जर्जर

भिलाई में नाट्य व संगीत के आयोजनों के प्रमुख दो सभागार हैं। लेकिन दोनों ही हाल कई तरह की समस्याओं से युक्त होने से आयोजनों के दौरान नाट्य व संगीत के आयोजको, कलाकारों व दर्शकों को परेशानी हो रही है। 50 साल पुराने नेहरु सांस्कृतिक भवन सेक्टर एक और ओपन एयर थिएटर सिविकसेंटर जर्जर हो चुके हैं। नेहरु हाउस के भवन के रिवाल्विंग स्टेज हटा देने, मंच ऊबड़खाबड़ होने व दीवारों से परदे निकाल देने आदि से साउंड इको होता है और भवन बाहर से जर्जर हो चुका है। इसी तरह ओपन एयर थिएटर गंदगी व टूट फूट चुका है। दर्शक दीर्घा खरपतवारों से पटा है और ग्रीनरुम व मंच का शेड टूट चुका है। कलाकारों ने बताया कि दोनों आडिटोरियम को आज के अनुरुप रिनोवेट किए जाने की जरुरत है।

# चमड़े से भरी ट्रक को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



- कुम्हारी थाना के टोल प्लाजा के से
- चालक की हुई जमकर पिटाई

चमड़े से भरी एक ट्रक को पुलिस ने पकड़ा है। ट्रक नागपुर से रायपुर की ओर जा रही थी। लोगों ने ट्रक को राजनांदगांव से पीछा करना शुरू किया। फिर कुम्हारी टोल प्लाजा के पास ट्रक को पकड़ा गया।

चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक ट्रक एमएच 49 एटी 4134 नागपुर से चलकर रायपुर की ओर जा रही थी। ट्रक राजनांदगांव पहुंचने पर कुछ लोगों को चमड़ा होने की खबर मिलने पर राजनांदगांव से ट्रक का पीछा करते हुए कुम्हारी पहुंचे थे। जब ट्रक रोककर देखने पर भारी मात्रा में मवेशियों का खाल भरा पड़ा मिला। जिसे देख लोगों ने चालक की जमकर धुनाई कर कुम्हारी पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मौके से ट्रक को जब्त कर लिया। ट्रक समेत बरामद मवेशी के चमड़े की कीमत लाखों रुपए में होना बताया गया है। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। कुम्हारी टोल प्लाजा के पास मवेशी की तस्करी में संलिप्त ट्रकों की धरपकड़ का मामला यहां सामने आ चुका है। प्रदेश समेत विभिन्न और ग्रामीण क्षेत्रों से मवेशियों की तस्करी भी ट्रकों में भरकर नागपुर की ओर लेकर जाते समय कई संगठनों ने पकड़कर चालक को पुलिस के हवाले कर चुके हैं।

### दोस्त के सूने मकान का ताला तोड़ा गिरफ्तार



**भिलाई।** दोस्त के ही सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात को पार करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(3), 305 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल टीआई कपिल देव पाण्डेय ने बताया कि नवीन चौक भाठापारा कुरुद निवासी शांति लाल साहू ने शिकायत किया था कि अज्ञात चोर मकान में प्रवेश कर सोना चांदी के जेवर समेत अन्य सामान पार कर दिया। पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरो को खंगालने पर पीड़ित के बेटे का दोस्त मिलन चौक कृष्णा नगर सुपेला निवासी विरेन्द्र सेन दिख रहा था। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ करने पर घटना करना स्वीकार किया। आरोपी के पास से साना चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान जब्त की गई। जिसकी कीमत 48 हजार रुपए आंकी गई है।

# छह साल पहले चक्काजाम करने वाले दो युवक चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- 5 हाईवा ट्रक को लगाई गई थी आग
- शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए दमकल वाहन में किया था तोड़फोड़

छह साल पहले सड़क हादसे में मौत के मामले में सड़क पर चक्काजाम कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाले दो युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 147, 341, 427, 294, 323, 186, 353 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 12 जुलाई 2019 की रात नंदिनी रोड ग्राम ढौर चौक जामुल में सड़क हादसा हुआ था। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई थी। ग्रामीणों द्वारा आने जाने वाले वाहनो को रोककर सड़क पर चक्काजाम किया था। इस दौरान आरोपियो द्वारा 5 हाईवा वाहनों को आग के हवाले और फायर ब्रिगेड वाहन में तोड़फोड़ कर, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया था। जामुल पुलिस ने अपराध कायम कर आरोपियों की तलाश में जुटी रही। पुलिस आरोपियों की शिनाख्त करते हुए आरोपी सतनामी मोहल्ला ग्राम ढौर थाना जामुल निवासी जागेश्वर उर्फ गोलू चद्रवंशी, अमीत कुमार बंजारे को गिरफ्तार किया। युवकों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। प्रकरण 6 साल पुराना है। फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# फ्लडलाइड क्रिकेट का फाइनल एबीएस और डीसीए के मध्य, सांसद होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- पूर्व विधायक स्व. विद्यारतन भसीन की स्मृति में आयोजित की जा रही स्पर्धा

स्वर्गीय विद्यारतन भसीन स्मृति रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच एबीएस राजनांदगांव और डीसीए भिलाई के मध्य खेला जाएगा। शनिवार को सेमी फाइनल मुकाबले में पहला मैच डीसीए और नगर निगम भिलाई के मध्य खेला गया। डीसीए ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। नगर निगम भिलाई की तरफ से अरविंद शर्मा के 22 रन बनाए। निर्धारित आठ ओवरों में टीम ने 83 रन का स्कोर खड़ा किया। डीसीए की तरफ से चंद्रप्रकाश ने दो ओवर में 16 रन देखकर तीन विकेट लिए। डीसीए भिलाई में बैटिंग करते हुए रितेश के 59 रनों की बदौलत लक्ष्य पा लिया। दूसरा मैच उद्योग चैंबर भिलाई एवं एबीएस राजनांदगांव के मध्य खेला गया। उद्योग चैंबर ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने के लिए निर्णय लिया। एबीएस ने बैटिंग करते हुए फुलेश्वर के 21 रनों के बदौलत निर्धारित आठ ओवरों में 70 रन का लक्ष्य रखा। संघर्षपूर्ण मुकाबले में एबीएस ने पांच रन से मैच जीत लिया। मैच के अंपायर हेमंत ठाकुर, आशीष सिंह व धनंजय सिंह थे।यह जानकारी आयोजन समिति के ललित मोहन ने दी।

# डॉ. मनमोहन सिंह को भारत रत्न की उपाधि से किया जाए सम्मानित : कुरैशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- 10 साल के प्रधानमंत्रित्व काल में किए कई आर्थिक सुधार

छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने टिव्टर के माध्यम से भारत के 13वें प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के अकास्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना किया है कि मृत आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें और देशवासियों को इस गहन दुःख पर शक्ति प्रदान करें। डॉ. मनमोहन सिंह का जन्म व शिक्षा 26 सितम्बर 1932 को ब्रिटिश भारत के पंजाब प्रांत के गाह नामक गांव (अब पाकिस्तान) में हुआ था। डॉ. मनमोहन सिंह ने 1991 से 1996 तक नरसिम्हा राव के प्रधानमंत्रित्व काल में वित्तमंत्री की हेसियत से भारत की अर्थव्यवस्था को सुधारने में जो अहम रोल अदा किया उसे केवल हिन्दुस्तान ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया आज भी याद करती है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अधिनियम लागू किया। इसके अतिरिक्त भारत-अमेरिका सैन्य परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर के लिए पूरी दुनिया जानती है सूचना के अधिकार अधिनियम आरटीआई इनके कार्यकाल में आया। डॉ. मनमोहन सिंह 1957 में कैमब्रिज विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के टापर रहे अर्थशास्त्र के प्रोफेसर, 1972 से 1976 तक प्रमुख आर्थिक निर्णयों में मुख्य आर्थिक सलाहकार, 1982 से 1985 तक भारतीय रिर्जव बैंक के गवर्नर रहे। दूसरे कार्यकाल 2004 से 2014 तक उन्होंने बुनीयादी ढांचे के विकास और सामाजिक कल्याण योजना पर ध्यान केंद्रित किया इस दौरान उन्हे 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला और राष्ट्रमंडल खेल घोटाले जैसे विवादों का भी सामना करना पड़ा। सन 1987 में पदम विभूषण भारत सरकार की ओर से उन्हें भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया। आज भी देश की जनता उनके 10 वर्ष के ऐतिहासिक कार्यकाल को देखकर भारत रत्न की उपाधि दिये जाने की मांग कर रही है।

## महिला ठेका मजदूरों को किया जागरुक

# कोक ओवन में नई चेतना कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में कार्यरत महिला ठेका श्रमिकों के लिए नई चेतना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा व महाप्रबंधक एस राय चौधरी तथा झगर सिंग विशिष्ट अतिथि थे। श्री बेहेरा ने कहा कि महिलाओं को दोहरी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होता है। घर-परिवार के साथ-साथ कार्यस्थल के महत्वपूर्ण कार्यों में भी उनकी जवाबदारी होती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से आप सभी अपने कार्यस्थल में होने वाली समस्याओं के निदान से सम्बंधित समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते है। महाप्रबंधक पी एम राजेंद्र कुमार ने महिलाओं को सुरक्षित कार्यशैली व नियर मिस घटनाओं के विषय में जानकारी प्रदान की।




### ठेका श्रमिकों को किया जागरुक

कंसल्टेंट शुभश्री प्रशान्त ने अच्छे स्वास्थ्य के लिए शारीरिक गतिविधियों एवं संतुलित आहार के महत्व पर जोर दिया।उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया ने यौन उत्पीड़न व शिकायत समिति के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। ठेका श्रमिक प्रकोष्ठ से आरके मौर्या ने न्यूनतम वेतन, एडब्लूए, ई.एस.आई, पीएफ के बारे में जानकारी दी व सभी महिला ठेका श्रमिकों को टोकन गिफ्ट प्रदान किया गया।कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक विजय कुमार ने किया तथा अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी प्रवीण शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 30 अप्रैल से 13 मई 2025
03 मई से 16 मई 2025, 08 मई से 21 मई 2025
11 मई से 24 मई 2025, 14 मई से 27 मई 2025,
19 मई से 01 जून 2025, 22 मई से 04 जून 2025,
25 मई से 07 जून 2025, 30 मई से 12 जून 2025,
02 जून से 15 जून 2025, 05 जून से 18 जून 2025,
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।



संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 29 दिसंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129


04



पेरिस की रंगीन शाम

## लाइव इवेंट

### गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन आज, गतका पार्टी दिखाएगी करतब



**भिलाई।** श्री गुरु गोविंद सिंघ साहिब के प्रकाश पर्व को समर्पित नगर कीर्तन 29 दिसंबर को आयोजित है। छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल एवं महासचिव गुरुनाम सिंह ने बताया कि सिख पंचायत के संचालन में रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरु रामदास न्यू खूर्सीपार से नगर कीर्तन पालकी साहिब पर सवार शब्द गुरु ग्रंथ साहिब पंच प्यारे साहिबान की अगुवाई में निकलेगा। सुबह 11 बजे अरदास के उपरांत शबद कीर्तन के साथ नगर कीर्तन प्रस्थान करेगा। केनाल रोड से दोपहर 1 बजे नंदिनी रोड पहुंचेगा। पावर हाउस ओवर ब्रिज से मुर्गा चौक सेक्टर 1 होते हुए सेक्टर सेंट्रल एवेन्यू से सेक्टर 5 चौक से रेहरास साहिब के पाठ के उपरांत सेक्टर 6 गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा में अरदास के उपरांत शाम 6:30 बजे समाप्त होगा। नगर कीर्तन में पालकी साहिब अति शोभनीय रहेगी। झांकी के साथ-साथ गतके का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिलेगा। पंच प्यारे साहिबान, पंज कृपाण, पंजा निशान साहिब एवं पालकी साहिब के पीछे शबद कीर्तन करती संगत एवं स्कूली बच्चे सहित अन्य मौजूज रहेंगे। नगर कीर्तन का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू एवं उनकी टीम का विशेष सहयोग होगा। सिख पंचायत के 150 वालंटियर नगर कीर्तन संचालन के साथ-साथ साफ सफाई एवं नगर कीर्तन उनकी देखरेख में आगे बढ़ेगा। बुलेट बाइक से पटाखे चलाने वालों और हुड़दंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर कीर्तन में इमरजेंसी एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गई है।

## सिटी इवेंट

### मुंशी प्रेमचंद की कहानी का छत्तीसगढ़ी में अनुवाद करने वाले डॉ. वर्मा भोपाल में होंगे सम्मानित




**भिलाई।** बीएसपी के स्टील मेल्टिंग शॉप में जनरल मैनेजर पुष्पा एंब्रोस की पहली पुस्तक फ्रॉम प्रिंसिपल्स टू प्रैक्टिस का विमोचन स्टील क्लब में किया गया। अंग्रेजी में लिखी गई इस पुस्तक का विमोचन बीएसपी के पूर्व कार्यकारी प्रमुख विनोद कुमार अरोरा व उपस्थित विशिष्ट अतिथियों ने किया। पुस्तक का हिंदी में अनुवाद भी शुरू हो चुका है। कैमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री प्राप्तकर्ता लेखिका पुष्पा एंब्रोस ने अपनी इस किताब में संस्थागत स्तर पर कार्यस्थल और आम जनजीवन में नैतिकता से जुड़े विभिन्न उदाहरणों का उल्लेख करते हुए इनका सटीक तौर पर विश्लेषण किया है। अरोरा ने कोक ओवन विभाग में उनके अधीनस्थ अफसर रहीं लेखिका पुष्पा एम्ब्रोस के व्यक्तित्व पर अपनी बात रखते हुए कई मिसालें दी। उन्होंने बताया कि कैसे उनके विभाग में एक हादसे के दौरान पुष्पा एम्ब्रोस पूरी मुस्तैदी से कार्यस्थल पर डटी हुई थी। उन्होंने कहा कि आम जनजीवन से लेकर समाज के हर हिस्से में नैतिकता का समावेश होना चाहिए और सटीक उदाहरणों के माध्यम से लेखिका ने अपनी किताब में इसे बखूबी उकेरा है। आयोजन में फादर जॉन जेवियर, बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव परविंदर सिंह, सीओसीसीडी के पूर्व सीजीएम राजीव श्रीवास्तव, पत्रकार एवं लेखक मुहम्मद जाकिर हुसैन, फादर साबू ने भी लेखिका के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार भी रखे।

- बीएसपी में पदस्थ जनरल मैनेजर पुष्पा एम्ब्रोस की किताब फ्रॉम प्रिंसिपल्स टू प्रैक्टिस का विमोचन

### अपने अनुभव लिखने से की शुरुआत

समारोह में लेखिका पुष्पा एम्ब्रोस ने बताया कि उन्हें पुस्तक लिखने की प्रेरणा दिवंगत माता-पिता ग्रेसी चेरियन और केजे चेरियन से मिली। शुरुआत में अपने अच्छे-बुरे अनुभवों को लिखा। करीब बीस पन्ने लिखने के बाद उन्हें लगा कि इसे यहीं छोड़ देना चाहिए, क्योंकि वे जॉब में हैं। इसी बीच उनकी माता गुजर गईं और उन्होंने लिखने का विचार त्याग दिया। फादर जॉन ने उन्हें सलाह दी कि वे दिवंगत माँ को श्रद्धांजलि देने के रूप में लेखन जारी रखें। इसके बाद उन्होंने लिखना जारी रखा। बीएसपी कर्मी प्रदीप मेनन ने लेखिका पुष्पा एम्ब्रोस को समर्पित कविता प्रस्तुत की। डोमिनिक मार्टिन, एस. रानी, एस. ज्योति एवं बिन्नी डेनियल ने स्वागत गान शावर्स ऑफ ब्लेसिंग्स' प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. रूचिर भटनागर, सीईडी के मंडा गुरुनाथ, जोशुआ फर्नांडिस, वीरेंद्र ओगले, डी विजित उपस्थित थे। बताया गया कि पुस्तक में कार्यस्थल पर नैतिकता, नैतिक नेतृत्व, नैतिक संस्कृति का निर्माण, नैतिक संचार, कार्यस्थल संबंध और नैतिकता, नैतिकता और प्रौद्योगिकी समेत 15 आलेखों का संग्रह किया गया है, जिनमें उल्लेखित सभी उदाहरण जीवंत हैं।

### सेक्टर-6 स्थित मैरी चर्च के 50 साल पूरे होने पर अनोखा सैलिब्रेशन

# प्रभु यीशु के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन, कैरोल गीत गाए, बताया मैरी चर्च ऐसा जिससे केरल के क्रिश्चियन जुड़े हुए, मलयाली में होती है प्रार्थना

पिछले दिनों ट्विनसिटी में क्रिसमस की धूम रही। रात 12 बजे के करीब चरनी में प्रभु यीशु के जन्म के साथ ही कैरोल गीतों की मिठास पूरे वातावरण में फैल गई। इन कैरोल के बीच सेक्टर-6 स्थित मैरी चर्च कैरोल गीतों से गूंज उठा। इन कैरोल गीतों की गूंज अभी थमी भी नहीं थी, और सेक्टर 6 स्थित सेंट मैरी चर्च के 50 साल पूरे होने पर अनोखा सैलिब्रेशन हुआ। इस गोल्डन जुबली मुवमेंट में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रभु यीशु के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा हुई। आयोजन में पूर्व विधायक अरुण वोरा, भिलाई निगम के एमआईसी मेंबर सीजू एंथोनी, दिल्ली डायसिस से आए फादर एचजी कुरियाकोसे प्रमुख रूप से मौजूद थे।



**भिलाई।** बता दें कि सेक्टर 6 स्थित सेंट मैरी चर्च के 50 साल पूरे हो गए। इस गोल्डन जुबली मुवमेंट को सेलिब्रेट करने चर्च में लगातार कई कार्यक्रम हो रहे हैं। इसमें बच्चों से लेकर बड़े तक अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इसी कड़ी में यहां गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस मौके पर कैथलीक चर्चों के फादर साजू जोसेफ, फादर थामस रब्बान, फादर जोबिन चेरियन विशेष रूप से मौजूद थे। कमेटी के लोगों ने चर्च का इतिहास बताया। वहीं चर्च से जुड़ी फैमिली के यूथ ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। चर्च कमेटी के रॉय जैकब और साजी ने बताया कि यह ऐसा चर्च है जिसमें केरल से क्रिश्चियन परिवार जुड़े हुए हैं। यहां मललयाली में प्रेयर होती है। हालांकि पहले की संख्या में परिवार की संख्या कम हो चुकी है, लेकिन अब उनकी कोशिश है कि इसमें नए परिवारों को जोड़ा जाए। सेक्टर 6 में बना यह चर्च अपनी डिजाइन की वजह से काफी चर्चा में रहा। जहाज की शक्ल में बने इस चर्च को तैयार करने में बीएसपी प्रबंधन ने ने भी अपनी खास भूमिका निभाई थी। चर्च कमेटी का मानना है कि इस चर्च पर मसीही सहित अन्य धर्म के लोगों का भी काफी विश्वास है। आयोजन को लेकर चर्च को को फूलों से सजाया गया। रंग-रोगन के साथ आकर्षक लाइटिंग की गई। साथ ही कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



### प्रभु यीशु के उपदेशों को किया जीवंत, पूरे दिन चला कार्यक्रम

इस अवसर पर प्रभु यीशु के उपदेशों को जीवंत किया गया। पूरे दिन चले अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से उनके संदेशों को दोहराया गया। नृत्य-नाटिका के माध्यम से प्रभु ईसा मसीह के जन्म को दर्शाया गया। जन्म की महिमा को बताई गई। मरियम, युसुफ़, चरवाहे, स्वर्गदूत, राजा और ज्योतिषी का किरदार निभाए गए। इस धार्मिक घटना को आकर्षक तरीके से मंच पर प्रस्तुत किया। इस नाटक में विपरीत परिस्थितियों में एकजुट रहने और मिलजुल कर काम करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। नाच-गाकर खुशियां मनाई गई। स्थापना के 50 साल पूरे होने पर पुराने सदस्यों को याद किया गया। उन्हें स्मरण करते हुए सम्मानित भी किया गया।






# आम जनजीवन से लेकर समाज के हर हिस्से में होना चाहिए नैतिकता का समावेश: अरोरा



**भिलाई।** भोपाल के कंत कुमार स्मारक पाण्डुलिपि संग्रहालय में राष्ट्रीय अलंकरण एवं स्मृति सम्मान का आयोजन 29 से 31 दिसंबर तक होगा। इस तीन दिवसीय समारोह में डॉ. ममता कालिया, डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी एवं डॉ. परदेशीराम वर्मा को राष्ट्रीय अलंकरण प्रदान किया जाएगा। डॉ. परदेशीराम वर्मा को दुष्यंत आंचलिक भाषा राष्ट्रीय सम्मान 24 प्रदान किया जाएगा। डॉ. वर्मा ने प्रेमचंद की कहानियों का छत्तीसगढ़ी में अनुवाद किया, जिसे केके प्रकाशन नई दिल्ली ने अगासदिया प्रेमचंद पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया। डॉ. वर्मा लिखित छत्तीसगढ़ी उपन्यास आवा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय मं विगत बीस वर्षों से एमए के पाठ्यक्रम में सम्मिलित है। छत्तीसगढ़ी कहानी मरिया दसवीं हिन्दी के पाठ्यक्रम में 15 वर्षों से सम्मिलित है।

छत्तीसगढी.में दो कहानी संग्रह तथा हिन्दी में आठ कथासंग्रह के अतिरिक्त तीन उपन्यास और तीस अन्य ग्रंथ उनके प्रकाशित हैं। अगासदिया एवं आगमन त्रैमासिक पत्रिकाओं के संपादक डॉ. परदेशीराम वर्मा को 2003 में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से मानद डी. लिट की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सपूतों पर दूरदर्शन रायपुर के लिए एक 13 कड़ियों में सीरियल भी लिखा। वे साक्षरता अभियान के भिलाई के परियोजना संयोजक तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रतिष्ठापूर्ण लोककला महोत्सव का दस वर्षों तक संयोजन किया। पांच शोध कार्य उनके लेखन पर हो चुके हैं।

#### छत्तीसगढ़ राज्य का शीर्ष साहित्य सम्मान

पं. सुन्दरलाल शर्मा सम्मान से विभूषित डॉ. परदेशीराम वर्मा के साथ ही प्रसिध्द लेखिका डॉ. ममता कालिया एवं डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी भी सम्मानित होंगे। राष्ट्रीय सम्मान 24 प्राप्त तीनों लेखकों की रचनाओं का पाठ 31 दिसंबर को सुबह 11 बजे अयोजित है। समारोह का उद्घाटन 29 दिसंबर को तथा समापन 31 दिसंबर 24 को होगा।

### बाबा साहेब की 15 फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा तैयार, दावा : छत्तीसगढ़ में सबसे ऊंची

**भिलाई।** संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की 15 फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा आखिरकार बनकर तैयार हो गई है। इस प्रतिमा को तैयार होने में करीब 3 साल लगे। मूर्तिकार अंकुश देवांगन इस प्रतिमा को बनाने में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की यह सबसे ऊंची आदमकद प्रतिमा है। मरोदा स्थित अंकुश शिल्पांगन में इस प्रतिमा को देखा जा सकता है। नियमित रूप से लोग इसे देखने के लिए पहुंच भी रहे हैं। बता दें कि मूर्तिकार अंकुश देवांगन समकालीन भारतीय कलाजगत के एक शीर्षस्थ स्तंभ हैं, जिन्होंने देश के अनेक शहरों में भव्यतम कलाकृतियों का निर्माण किया है। भिलाई के सिविक सेंटर का कृष्ण अर्जुन रथ, रूआबाधा का पंथी चौक, बोरिया गेट का प्रधानमंत्री ट्राफी चौक, सेक्टर 1 का श्रमवीर चौक, सेक्टर 8 का एथिक्स पार्क और भिलाई निवास में नटराज की कृति उन्होंने तैयार की है।



### विंटर कार्निवाल का चौथा दिन, मेडिटेशन के साथ सफलता से जुड़े टिप्स दिए गए

# हार जीतने का मार्ग प्रशस्त करता है, बशर्ते दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ प्रयास करते रहें, मेडिटेशन मन को एकाग्र रखने में सहयोगी : संयुक्त कलेक्टर

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में चल रहे विंटर कार्निवाल के चौथे दिन बच्चों ने गोविंद बोलो हरे गोपाल बोलो जैसे गीत के साथ एक्सरसाइज करते हुए सेशन की शुरुआत की। संयुक्त कलेक्टर भार्गव ने बच्चों के बीच उपस्थित होकर अपने जीवन के अनुभवों को साझा कर बच्चों के प्रश्नों के उत्तर दिए। उन्होंने कहा कि कंपीटिशन बहुत ज्यादा है, आपको घबराना नहीं है। इसके लिए जीवन में बहुत सारे वैल्यूज,आंतरिक शांति आवश्यक है। मेडिटेशन से हमारा दृष्टिकोण क्लीयर होता है। खुद के साथ ऑनेस्ट रहे। पढ़ाई करते हुए आप बोर होते हैं, इसलिए स्पोर्ट्स मेडिटेशन अन्य सकारात्मक एक्टिविटी आवश्यक है। जीवन में फेल होना भी आवश्यक है। मुझे अच्छी पढ़ाई का अभिमान था। 10 रैंक आने पर मेरा घमंड टूटा। गलती से सीखकर जीवन में नम्रता के गुण को धारण किया। एग्जाम कितना भी मुश्किल आए मैं शांत रहूंगा और चौथी बार में आईएएस में सलेक्ट हुआ। फेल हो गया सोचना बंद कर आगे की तैयारी शुरू की।



### कानून से ऊपर कोई नहीं, निचले स्तर पर सुनवाई नहीं तो बड़े अफसरों को बताएं

एक छात्र के सवाल का जवाब देते हुए संयुक्त कलेक्टर ने बताया कि कानून से ऊपर कोई भी नहीं है। आप अपने माता-पिता के साथ अपनी शिकायत उच्च अधिकारियों से कर सकते हैं। चाहे वो टीचर हो या प्रिंसिपल चाहे कोई भी हो। यदि निचले स्तर पर सुनवाई नहीं हो रही, तो बड़े अफसर आपकी जरूर सुनेंगे। कभी भी निराश नहीं होना चाहिए, हर प्रयास जारी रखना चाहिए, सफलता जरूर मिलेगी।



### मेडिटेशन का किया अभ्यास, इसके फायदे भी बताए

बच्चों को संयुक्त कलेक्टर ने मेडिटेशन से होने वाले फायदों के बारे में भी बताया। इतनी संख्या में बच्चों को शांत और एकाग्रता से बातों को सुनने को देखकर संस्था के प्रयासों की सराहना की। आयोजन के दूसरे सत्र में परमात्मा को अपना सच्चा मित्र बना कर राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास किया गया। रविवार 29 दिसंबर को शाम 7 बजे पीस ऑडिटोरियम में इस विंटर कार्निवाल का रंगारंग सांस्कृतिक के साथ समापन होगा। इस अवसर पर शहर की प्रमुख हस्तियां मौजूद रहेंगी।

## सिटी इवेंट

# फोरनियर्स गैंग्रीन दुर्लभ एवं जानलेवा किंतु लाइलाज नहीं



■ नियमित उपचार से ठीक हो सकती है बीमारी

**भिलाई।** फोरनियर्स गैंग्रीन एक दुर्लभ लेकिन गंभीर संक्रमण है, जो शरीर के जननांग, गुदा और पेट के निचले हिस्से में फैलता है। मांसपेशियों के ऊतकों को नष्ट कर देता है। यह संक्रमण यदि समय पर उपचार नहीं किया जाए तो जीवन के लिए खतरे का कारण बन सकता है। लेकिन अब इस गंभीर स्थिति का सफल इलाज आरोग्यम अस्पताल में संभव हो पाया है, जहां इस बीमारी के उपचार में एक नई उम्मीद को जन्म दिया है। ऐसे ही गंभीर परेशानी से जूझता हुआ एक 39 वर्षीय मरीज आरोग्यम अस्पताल पहुंचा, जहां डॉ. नवीन राम दारुका द्वारा जांच में युवक को इस दुर्लभ बीमारी से ग्रस्त होना पाया। मरीज की स्थिति गंभीर थी। शरीर के प्रभावित हिस्से में संक्रमण तेजी से फैल रहा था। अस्पताल के सर्जन और इन्फेक्शन विशेषज्ञों की टीम ने तुरंत इलाज शुरू किया। यह सफलता अस्पताल के सर्जिकल और एंटीबायोटिक उपचार के संयोजन से प्राप्त हुई, जिसमें संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए तीव्र एंटीबायोटिक उपचार और प्रभावित ऊतकों की शल्यक्रिया द्वारा सफाई की गई। इसके अलावा, मरीज की इम्यूनिटी को मजबूत करने के लिए विशेष उपचार प्रदान किया गया। आरोग्यम अस्पताल में मरीज को तुरंत इमरजेंसी केयर दी गई, इसके साथ ही, उपचार में अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया।

### बीमारी के इलाज को लेकर लगातार हो रहे प्रयोग

आरोग्यम अस्पताल के विशेषज्ञ डॉ. नवीन राम दारुका ने बताया कि फोरनियर्स गैंग्रीन एक बहुत ही गंभीर स्थिति होती है, और यदि समय रहते इलाज न किया जाए तो यह जानलेवा हो सकता है। हमारी टीम ने यह सुनिश्चित किया कि मरीज को हर संभव चिकित्सा सहायता और उपचार दिया जाए। यह सफलता अस्पताल की उन्नत चिकित्सा सुविधाओं और हमारे विशेषज्ञों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

● नए साल के स्वागत में 1 जनवरी को दिंगबर जैन मंदिर नेहरू नगर में विश्व शांति महायज्ञ

# जैन साध्वी ससंघ पदविहार कर पहुंची जैन मंदिर, सिद्धचक्र महाविधान में घटयात्रा, स्थल शुद्धि के साथ हुई 4 प्रमुख पूजा

**भिलाई।** औद्योगिक नगरी भिलाई में पुनः आर्यिका माता के रूप में साध्वियों का सान्निध्य प्राप्त हुआ है। धर्म नगरी राजिम में चातुर्मास पूर्ण कर शीत ऋतु के मध्य इंदौर की ओर विहार करते हुए माता ससंघ नेहरूनगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। देश के महान आचार्य कवि हृदय 108 विभव सागर से दीक्षित आर्यिका 105 स्वाध्याय श्री, आर्यिका 105 चर्या श्री के ससंघ आगमन से पुनः अंचल का वातावरण धर्ममय हो गया है। इस अवसर पर जैन मंदिर में कैलेंडर नव वर्ष 2025 के मंगलमय आगमन हेतु सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन किया गया। जैन धर्म अनुसार इस विधान में सिद्ध परमात्मा की 2040 अर्घ्य व आहुतियों के माध्यम से विनय व पूजन की जाती है। माताजी के ससंघ सानिध्य व विधानाचार्य अनेकान्त जैन के मार्गदर्शन में प्रथम दिन घटयात्रा, ध्वजरोहण, मंडल व स्थलशुद्धि आदि मांगलिक क्रिया उपरांत अब तक 4 पूजाएं हुईं। इनमें 120 धाराएं, अर्घ्य समर्पित किए गए। आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संझा में जैन समाज के लोग जुटे। विधि-विधान से सारे संस्कार संपन्न कराए गए।



### सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य मनीत-प्रियंका जैन सहित अन्य को मिला

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य नेहरूनगर जैन समाज के अध्यक्ष मनीत -प्रियंका जैन, ईशान इंद्र आनंद -मंजूषा जैन, सानत इंद्र संजीव- सपना कासलीवाल, माहेन्द्र इंद्र जितेंद्र - वंदना जैन व धनपति कुबेर बनने का सौभाग्य भरत- श्वेता गोधा परिवार को प्राप्त हुआ। इस विधान के प्रमुख पात्र श्रीपाल मैना सुंदरी बनने का सौभाग्य प्रथम दिन अंकित-आयुषी नाहर व द्वितीय दिन विजय कुमार-सरला जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर धर्मसभा का आयोजन किया गया। इसमें जैन साध्वी ने जैन धर्म के उपदेशों के बारे में जानकारी दी। जैन समाज की महिलाओं ने स्वागत गीत गाए। पूरे दिन चले कार्यक्रम में दुर्ग-भिलाई के जैन समाज के लोग शामिल हुए। समाज के लोगों ने बताया कि साध्वीश्री पदविहार कर इंदौर के लिए रवाना हुईं है। इस दौरान वे दिंगबर जैन मंदिर नेहरू नगर पहुंची है। जहां उनका ससंघ स्वागत किया गया। श्रीफल अर्पित किए गए। समाज के लोगों को 1 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। साथ ही जिम्मेदारी भी सौंपी गई।



### 1 जनवरी को विश्वशांति महायज्ञ, जुटेंगे जैन समाज के लोग, आयोजन की तैयारी शुरु

समाज के मंत्री सीए क्षितिज जैन ने बताया कि लोक कल्याण व मंगलकारी नववर्ष की भावना से विधान के अंतिम चरण में विश्वशांति महायज्ञ सम्पन्न होगा, जिसमें अधिक से अधिक धर्मवलंबियों को सम्मिलित होने हेतु समाज ने अपील की हैं। जानकारी के मुताबिक इस आयोजन में दुर्ग, भिलाई के अलावा आसपास के जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोगों का आगमन होगा। वृहद स्तर पर यह आयोजन किया जाना तय किया गया है। विश्व शांति के उद्देश्य से यह महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है।



## एजुकेशन लाइव

# वार्षिकोत्सव में बच्चों का सम्मान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए



■ दुर्ग पब्लिक स्कूल के 16 वें वार्षिकोत्सव में शामिल हुए डीईओ अरविंद मिश्रा

**दुर्ग।** दुर्ग पब्लिक स्कूल का 16वां वार्षिक उत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीईओ अरविंद मिश्रा थे। उन्होंने स्कूल के विकास एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। उसके भविष्य में उन्नति की कामना की। उन्होंने पालकों छात्रों को अपने उद्बोधन भाषण से अभिभूत किया। दुर्ग पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर सरूपा गुप्ता ने साई नगर एवं उरला के विकास एवं भविष्य के सफल संचालन की जानकारी पालकों एवं छात्रों को दी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा एवं गणेश वंदना से छात्र-छात्राओं द्वारा की गई। दुर्ग पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल रूही देवांगन ने स्कूल के एकेडमिक एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी पालकों एवं छात्रों को दी। सतत मूल्यांकन एवं उन्नति की जानकारी प्रधान पाठिका अनिता साहू ने दी। कार्यक्रम का संचालन प्रीति अजमानी प्रधान पाठिका ने की। कार्यक्रम के समापन में बच्चो को एकेडिमिक मैडल एवं प्रमाणपत्र दिया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## आयोजन

# गणेश वंदना और छोटे बच्चों के नृत्य ने बटोरी प्रशंसा, मिला इनाम



**सन पब्लिक स्कूल चंदखुरी का वार्षिकोत्सव, प्रतिभावान हुए सम्मानित**

**दुर्ग।** सन पब्लिक स्कूल चंदखुरी में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारती विश्वविद्यालय के उप-कुलपति डॉ. आरएन सिंह, प्रबंध निर्देशक सुशील चंद्राकर, स्कूल के निर्देशक हरिशंकर वर्मा, अध्यक्ष जय चंद्राकर एवं प्राचार्य फरहीना काजी के निर्देशन में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। इस अवसर पर 2023 के शैक्षणिक कक्षा में प्रथम आने वाले छात्र समीक्षा देशमुख, किशिका पाल, पहल देशमुख, आराध्या साहू, खुशी चंद्राकर, आराध्या साहू, लक्ष्य देशमुख, प्रज्ञा साहू, रोशनी साहू को पुस्तक का सेट एवं स्मृति चिन्ह एवं कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों तान्या चक्रधारी, जितेश साहू,काजल देवांगन,एवं तुषार जैन को स्मृति चिन्ह से पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

सर्वप्रथम गणेश वंदना की प्रस्तुति हुई। इसके बाद बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया। नर्सरी के नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा को दर्शाने के लिए नृत्य प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के दौरान भारत के अलग-अलग राज्यों एवं उनकी संस्कृतियों को बच्चों ने अपने नृत्य प्रस्तुति के द्वारा प्रदर्शित किया। इसमें मुख्य रूप से मणिपुर, केरल, पंजाब, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र की प्रस्तुति रही। रामायण नाटक के द्वारा श्री राम के चरित्र को अपने जीवन में उतारने की शिक्षा दी एवं चंद्रयान-3 की सफलता को नाटक एवं नृत्य के माध्यम से छात्रों द्वारा प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति नवदुर्गा के नृत्य द्वारा किया गया, सभी पालक ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपना उत्साह दिखाया । राष्ट्रगान के पश्चात कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

## नए साल का स्वागत

# शिवनाथ नदी तट स्थित महमरा घाट में बनारस की तर्ज पर महाआरती, सजेंगे 51 हजार दीए



**आयोजन का पांचवां वर्ष, नागपुर की आकर्षक आतिशबाजी के बीच गीत-संगीत का भी आयोजन**

**भिलाई।** नए साल के स्वागत में 1 जनवरी को शिवनाथ महोत्सव मनाया जाएगा। बनारस की तर्ज पर महाआरती होगी।51 हजार दीयों से पूरा महमरा घाट जगमगाएगा। साल के प्रथम दिन महमरा एनीकट पर होने वाले शिवनाथ महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। 22 वर्षों तक लीज पर रही शिवनाथ नदी के लीज मुक्त होने पर यह आयोजन विगत 4 वर्षों से किया जा रहा है। आयोजन का यह पांचवां वर्ष है। साल के प्रथम दिन होने वाले इस आयोजन में सुबह से ही मेला उत्सव शुरू हो जाता है। जहां हजारों लोग इसमें शिरकत करते हैं। इस बार भी आयोजन को भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है। आयोजक वरुण जोशी ने बताया कि दुर्ग में हमनें यह पहल पवित्र नदी को स्वच्छ और उसके प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु यह आयोजन कर रहे हैं। हमारी यह शिवनाथ नदी 22 वर्षों तक लीज पर रही शायद यह देश की पहली नदी होगी, जिसके आजाद होने की खुशी पूरे जिले वासी मनाए हमारी मंशा यही है, इस बार नदी के तट पर आने वाले सभी वर्गों का हमनें ध्यान रखा है। बच्चों को लिए जंपिंग और झूले लगाए जा रहे हैं।

### 360 से ज्यादा कैमरों की रहेगी नजर, सेल्फी पॉइंट भी बनेगा

360 वीडियो कैमरा भी लगाया जा रहा है। आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे, जिससे यहां आने वाले पर्यटक साल के प्रथम दिन के अनुभव को अपने कैमरे सदैव के लिए संजोए रख सकें। साथ ही संगीत प्रेमियों के लिए ऑर्केस्ट्रा रखा गया है। इसबार शिव पार्वती मंदिर को बस्तर पैटर्न में सजाया और पूजा जाएगा। शाम के समय 51 हजार दीपों का दान किया जाएगा। हरिद्वार की तर्ज पर 11 पंडितों द्वारा विधि विधान से महाआरती की जाएगी। वरुण जोशी ने कहा संध्या की महाआरती को देखने दुर्ग ही नहीं बल्कि आस पास के जिलों सहित ओडिशा और महाराष्ट्र से भी भक्त आते हैं,उनकी गाड़ियों के लिए पार्किंग शिवनाथ मुक्तिधाम के पहले द्वारा में की गई है। आयोजन की समाप्ति नागपुर के टीम द्वारा इलेट्रॉनिक आतिशबाजी से की जाएगी जो कि अद्भुत होगा।

## समाज इवेंट

# दिव्यांग छात्रा को उपलब्ध कराई ट्राइसिकल, जा सकेगी कॉलेज



■ समाजसेवी सुधार अग्रवाल और उषा अग्रवाल ने किया सहयोग, आगे भी सहयोग का वादा

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सामाजिक सरोकार अंतर्गत बीकॉम द्वितीय वर्ष की दिव्यांग छात्रा संतोषी यादव को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। महाविद्यालय से पांच किलोमीटर दूर जयंती नगर से आने वाली छात्रा ट्राइसाइकिल के अभाव में नियमित रूप से महाविद्यालय नहीं आ पा रही थी।

इस वजह से उसकी पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। उक्त छात्रा द्वारा प्राचार्य को अपनी परिस्थितियों से अवगत कराया गया, तो प्राचार्य के प्रयासों से स्व. रेखचंद अग्रवाल परिवार ने उस छात्रा की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीसी अग्रवाल ने बताया कि स्व. रेखचंद अग्रवाल की धर्मपत्नी के हाथों उक्त छात्रा को ट्रायसायकल के साथ जरूरत की सामग्री भी प्रदान की गई है। इस अवसर पर समाजसेवी सुधीर अग्रवाल एवं उनकी पत्नी उषा अग्रवाल ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मदद के लिए सदैव तत्पर रहने का महाविद्यालय प्रबंधन को आश्वासन दिया है। प्राध्यापक डॉ. रेश्मा लाकेश की तत्परता से उक्त छात्रा की मदद हो पाई। उन्होंने अग्रवाल परिवार को साधुवाद देते हुए कहा कि इस तरह के सेवाभावी कार्यों से समाज में सकारात्मक का संदेश जाता है।

## राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक बदल रहा ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर

# नाबार्ड महिलाओं को बना रहा उद्यमी, महिला समूह गठन के लिए कर रहा प्रेरित, 500 हे. की जमीन को बनाया उपजाऊ

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड ने ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कृषि, ग्रामीण विकास और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है। नाबार्ड के कृषि क्षेत्र संवर्धन निधि के तहत किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और उपकरणों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिससे फसल उत्पादन में 20% की वृद्धि हुई है। सोयाबीन, सूरजमुखी जैसे नई फसलों का उत्पादन को बढ़ावा दिया गया है, जिससे किसानों की आय बढ़ी है। जल संरक्षण और प्रबंधन के लिए विभिन्न जलधारा और कृषि जल योजना परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जिनसे 500 हेक्टेयर क्षेत्र में जल एवं मृदा संरक्षण हो रहा है। इतना ही लगातार किए जा रहे प्रयासों से शिवनाथ नदी के जल स्तर में भी सुधार हुआ है। जिला विकास प्रंबधक अधिकारी अंशु गोयल ने बताया कि प्रयासों से किसान समृद्ध हो रहे हैं।



### 1200 से ज्यादा किसान परिवार आर्थिक रूप से हुए मजबूत

नाबार्ड द्वारा चलाए जा रहे अभियान से पिछले करीब एक वर्ष में 1200 से ज्यादा किसान परिवार आर्थिक रूप से मजबूत हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की गई हैं, जिससे 1,200 से अधिक ग्रामीण परिवारों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिला है। अंशु गोयल ने बताया कि उनके प्रयासों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास को बढ़ावा देना है। वे किसानों, महिलाओं और ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नाबार्ड की ये पहले जिले में समृद्धि और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। भविष्य में भी इसी तरह के प्रयासों के माध्यम से ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### महिलाओं को उद्यमिय प्रशिक्षण, समूह गठन के लिए किया प्रेरित, चलाई जा रही मुहिम



नाबार्ड ने महिलाओं और ग्रामीण उद्यमियों के लिए स्वयं सहायता समूहों का गठन और समर्थन किया है। लगातार महिलाओं को इसके लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसे नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है। महिलाओं को रोजगार मिला है। नाबार्ड ने दुर्ग जिले में 2 एफपीओ का गठन कर उनको सशक्त बनाने में प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता प्रदान किया है। इससे 500 से अधिक किसनों को फायदा मिला है। ग्रामीण विकास में इन्फ्रास्ट्रक्चर के महत्व को जानकार आरआईडीएफ़ अंतर्गत सिंचाई परियोजनाओं, सड़कों, पुलों और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचन, परिवहन और संचार सुविधाओं में सुधार हुआ है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय हैंडबॉल में चंडीगढ़ ने शिकस्त दी छत्तीसगढ़ को



**रायपुर।** 53वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में संघर्षपूर्ण मैच में छत्तीसगढ़ राज्य की सीनियर पुरुष हैंडबाल टीम चंडीगढ़ से पराजित हुई। छत्तीसगढ़ की टीम कल 5वें से 8 वें स्थान के लिए मैचेस खेलेगी। केरल हैंडबाल संघ द्वारा हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में 53वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन चंगनासेरी, कोट्टायम जिला, केरल में दिनांक 26 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की 20 सदस्यीय पुरुष हैंडबाल टीम भाग ले रही है। ज्ञात रहे कि उपरोक्त सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता की टॉप 07 क्वार्टर फाइनलिस्ट टीमें 38वीं राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड के लिये पात्रता हासिल करेंगे। 8वीं टीम उत्तराखंड की होगी। शनिवार को प्री क्वार्टर फाइनल में छत्तीसगढ़ का मुकाबला गुजरात के साथ खेला गया जिसमें छत्तीसगढ़ ने गुजरात को 36-24 गोलों से पराजित करते हुये क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, मध्यांतर तक छत्तीसगढ़ की टीम गुजरात से 18-12 गोलों से आगे थी। क्वार्टर फाइनल का मुकाबला शनिवार को शाम 4 बजे से छत्तीसगढ़ एवं चंडीगढ़ के मध्य खेला गया। जिसमें संघर्षपूर्ण मैच में छत्तीसगढ़ की टीम चंडीगढ़ से 26-27 गोलों से पराजित हुई मध्यांतर तक चंडीगढ़ की टीम 18-15 गोलों से आगे थी। प्रतियोगिता के आखिरी दिन 29 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ को 5वें से 8वें स्थान के लिये मैचेस खेलना होगा।

### चेस शाला की जेश को आल इंडिया चेस टूर्नामेंट मे मिला तीसरा स्थान, प्राची 9 वे स्थान पर रही



**रायपुर।** राजनंदगाँव मे 18 से 22 दिसंबर तक आयोजित आल इंडिया स्मार्ट गर्ल्स ओपन रेटिंग चेस टूर्नामेंट मे राजधानी रायपुर स्थित चेस कोचिंग सेंटर चेस शाला के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। जिसमे जेश केशरवानी ने 9 मे से 7 अंक बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। उक्त स्पर्धा मे उन्होंने 6 मैचों मे जीत, 2 ड्रॉ, के साथ ये अंक प्राप्त किये। इसी प्रकार अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी प्राची यादव ने 6.5 अंक बनाकर 9 वा स्थान प्राप्त किया। स्पर्धा मे अंडर-9 मे अनिका रेड्डी ने 6 अंक प्राप्त कर चैंपियन बनी, अंडर-11 मे वरिमा विश्वकर्मा ने 5.5 अंको के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। इनके साथ ही, सावी, दान्वी मिश्रा, सान्वि पारख ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सभी खिलाड़ियों के इन उपलब्धि पर, चेस शाला संचालक फिडे इंस्ट्रक्टर रोहित यादव ने बताया बच्चे लगातार पूरी लगन से लक्ष्य बनाकर मेहनत कर रहें हैं उनका अगला लक्ष्य 2025 की सभी बड़ी स्पर्धाओं में बेहतर करने का है।

### सब जूनियर नेटबाल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए सिमरन चयनित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सब जुनियर नेटबाल बालिका टीम में सरगुजा की सिमरन भगत का चयन हुआ है। वे राष्ट्रीय प्रतियोगिता चेन्नई, तमिलनाडु में भाग लेंगी। सिमरन छत्तीसगढ़ टीम के साथ 30वीं राष्ट्रीय सब जूनियर नेटबाल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता 28 से 31 दिसंबर तक के लिए टीम में चुनी गयी है।



चयनित सिमरन भगत स्थानीय माउंट लिट्रा जी स्कूल की 9वी की छात्रा हैं। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिले में नेटबाल खेल का संचालन गांधी स्टेडियम में ही किया जाता है. राष्ट्रीय कोच ने बताया कि अभी हाल ही में नेटबाल जुनियर राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता लुधियाना, पंजाब में सरगुजा जिले के ओम प्रकाश ने सिल्वर मेडल जीतकर सरगुजा जिले का मान बढ़ाये थे, और अब सिमरन से भी जिला की ऐसी उम्मीद है।

---

लाइफ स्टाइल और आहार में गड़बड़ी से प्रभावित हो रही है हमारी सेहत

# नए साल में लाइफस्टाइल और आहार में कर लें बदलाव, अच्छी सेहत के लिए जरूरी है ऐसा कदम

स्वस्थ और आनंददायक जीवन जीना चाहते हैं तो इसका मूल मंत्र है- स्वस्थ आहार और अच्छी दिनचर्या। हालांकि इस दौड़ती भागती दुनिया में इन दोनों को मैनेज करके चलना हम में से ज्यादातर लोगों के लिए किसी कठिन टास्क से कम नहीं है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर हम सभी सिर्फ लाइफस्टाइल-आहार को ठीक रखने पर ही ध्यान दे लें तो कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिमों को कम कर सकते हैं। मौजूदा समय की सबसे गंभीर बीमारियां- डायबिटीज हो या हृदय रोगों की समस्या, सभी के लिए इन्हीं दो में गड़बड़ी को मुख्य कारक माना जा रहा है।



## 2024 की गलतियों से लें सीख

हम साल 2024 के समापन की ओर हैं और कुछ ही दिनों में नए साल में प्रवेश करने जा रहे हैं। साल 2024 पर एक नजर डालें तो पता चलता है कि कई तरह की बीमारियों ने लोगों को खूब परेशान किया। हृदय रोग और हार्ट अटैक के खतरे को कम करने के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों से लाइफस्टाइल-आहार में सुधार को लेकर समय-समय पर सलाह देते रहे।

आइए जानते हैं कि नए साल में सेहत को ठीक रखने और बीमारियों से बचाव के लिए डॉक्टर किन आदतों को अपनाने की सलाह देते हैं? सभी लोगों के लिए इनका पालन करते रहना आवश्यक है, ताकि साल 2025 हमारे लिए सेहतमंद रहे।

## शारीरिक सक्रियता न होने पाए कम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सबसे जरूरी है कि आप शारीरिक रूप से सक्रियता का ध्यान रखें। शरीर को गतिशील रखने से आपकी हड्डियां और मांसपेशियां मजबूत रहती हैं। नियमित व्यायाम आपकी जीवनशैली को स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा और आसान तरीका है। मधुमेह, हृदय की समस्याओं और स्ट्रोक के जोखिम को कम करने में भी इससे मदद मिलती है।

डॉक्टरों का सुझाव है कि सप्ताह में 5-6 दिन रोजाना 30 मिनट का व्यायाम आपके शरीर के लिए जरूरी है। 30 मिनट तक तेज चलना या सिर्फ स्ट्रेचिंग जैसे कुछ सरल अभ्यास को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। शारीरिक रूप से सक्रिय रहने से वजन कंट्रोल रहता है, जो हृदय रोग, डायबिटीज से लेकर कैंसर तक के जोखिम को कम करने में सहायक है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी लोगों को शारीरिक सक्रियता पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है।



## स्वस्थ भोजन बहुत आवश्य

शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से फिट रहने का एक सरल नियम है कि आप अपने आहार को ठीक रखें। स्वस्थ भोजन की आदत आपको सेहतमंद और रोग मुक्त रखने में मदद करेगी। आपके नियमित आहार में विभिन्न प्रकार के फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, अंकुरित अनाज, दालें, मांस, पोल्ट्री भोजन को शामिल करें। आहार में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन, खनिज अधिक और कार्बोहाइड्रेट और कैलोरी कम होनी चाहिए। साथ ही खाना चबाकर खाएं हैं, यह भी अहम हिस्सा है। आपको अपने भोजन को सुपाच्य बनाने के लिए 20-30 बार चबाना चाहिए। कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों से बचाव के लिए ये उपाय विशेष मददगार माने जाते हैं।





# फिटनेस की चाबी संभालकर रख लीजिए, हमेशा रहेंगे फिट

जो हमेशा फिट रहना चाहते हैं, उनके लिए प्रेरणा हमारे आसपास ही है। ऐसे लोग फिट रहने के लिए सबकुछ करते हैं। फिर चाहे डाइट पर ध्यान देना हो या फिर एक्सरसाइज करनी हो। ऐसे ही लोगों को फिटनेस के रास्ते पर हमेशा चलते रहने देने के लिए योग गुरु से लेकर सेलिब्रेटी तक ने अपनी फिटनेस का मंत्र दिया है।

सेलिब्रेटी रघु अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट पर बताया है कि वो रोज दौड़ते नहीं हैं। जबकि फैंस ने उन्हें दौड़ लगाते कई बार देखा है। दौड़ने से जुड़े न जाने कितने कॉम्पटीशन भी वो जीत चुके हैं। मगर उनकी फिटनेस का राज यही है कि वो रोज दौड़ते नहीं हैं।


बल्कि वो रोज कम से कम 15 से 20 मिनट की एक्सरसाइज जरूर करते हैं। 56 साल के रघु ने बताया है कि एक्सरसाइज के दौरान या आम दिनों में भी चोट से बचने के लिए दौड़ें भले न लेकिन आपको 15 से 20 मिनट की एक्सरसाइज़ जरूर करनी होगी। इससे शरीर का नेचुरल मूवमेंट बना रहता है।



दरअसल एक उम्र के बाद मसल्स कमजोर होने लगती हैं और चोट लगने की संभावना भी बढ़ जाती है। इसलिए मिलिंद रोज थोड़ी एक्सरसाइज की सलाह देते हैं। वो मानते हैं, ऐसे करके वो चोट की चिंता किए बिना ही मनपसंद एक्सरसाइज़ कर पाते हैं।

उन्होंने आगे अपनी पोस्ट में लिखा है कि सूर्या नमस्कार फिटनेस का पक्का साथी है। कुछ लोगों को ये कठिन लगेगा और कुछ को आसान लेकिन ये शरीर की फिटनेस के लिए बेहतरीन है। इसको करने से शरीर के कमजोर हिस्से भी मजबूत होते जाते हैं।

इस पोस्ट के साथ उन्होंने एक्सरसाइज के खास लक्ष्य भी बताए हैं। उन्होंने लिखा है व्यायाम के दो खास मकसद होने चाहिए- अच्छा ब्लड सर्कुलेशन अपने शरीर को जैसे चाहें वैसे मूव कर पाएं



# नए घर की नींव में क्यों रखे जाते हैं चांदी के नाग-नागिन, जानें महत्व



आपमें से कई लोगों ने देखा या घर के बड़ों से सुना होगा कि नया घर बनवाते समय आपको इसकी नींव में चांदी के नाग-नागिन जरूर रखने चाहिए। आखिर इस प्रथा का पालन क्यों जरूरी माना जाता है और इसका क्या महत्व हो सकता है। इस बारे में ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी बता रहे हैं।

## चांदी धातु का क्या है महत्व

ज्योतिष में चांदी को एक ऐसी धातु के रूप में देखा जाता है जो शुद्धता का प्रतीक होती है और इसे चंद्रमा की धातु के रूप में देखा जाता है। यदि आप चांदी के नाग-नागिन घर की नींव रखते समय रखते हैं तो ये आपके घर में हमेशा शांति बनाए रखने में मदद करता है। चांदी का सांप न केवल सांप के अंतर्निहित गुणों का प्रतीक माना जाता है, बल्कि चांदी धातु की शुद्धता और प्रतिबिंबित गुणों का भी प्रतिनिधित्व करता है।

## चांदी के नाग-नागिन करते हैं बुरी शक्तियों से सुरक्षा

ऐसा माना जाता है कि यदि आप घर की नींव में चांदी के नाग-नागिन रखते हैं तो ये आपके घर की सुरक्षा करते हैं। ये घर को किसी भी नकारात्मक शक्ति से बचाने में मदद करते हैं। सांपों को बुरी आत्माओं और द्वेषपूर्ण शक्तियों से बचाने वाला माना जाता है, इसलिए प्रतीक के रूप में चांदी के नाग-नागिन का जोड़ा घर की नींव में रखा जाता है। ये घर के लोगों की सुरक्षा किसी भी बुरी शक्तियों से करने में मदद करते हैं। यह आपके घर में आध्यात्मिक सुरक्षा का कवच बनाते हैं।

## चांदी के नाग-नागिन नवीनीकरण का प्रतीक

ऐसी मान्यता है जैसे नाग-नागिन अपने पुराने शरीर से केचुल अलग करके नया रूप धारण करते हैं, वैसे ही यदि आप घर की नींव में यदि चांदी के नाग-नागिन रखते हैं तो ये परिवर्तन को दिखाते हैं। यदि आपका घर किसी ऐसी स्थान पर बनाया जा रहा है जहां पहले कोई और घर या इमारत थी तो नाग-नागिन का जोड़ा रखने से पुरानी यादों को छोड़कर बाहर निकलने में मदद मिलती है।

ज्योतिष में ऐसा माना जाता है कि चांदी के नाग-नागिन अगर घर की नींव में रखे जाते हैं तो ये घर में सकारात्मक कंपन का संचार करता है। चूंकि आध्यात्मिक परंपराओं में, चांदी धातु को चंद्रमा से जोड़ा जाता है।

# नए साल पर कैलेंडर लगाते समय भूलकर भी न करें ये गलतियां

नया साल सभी के लिए खुशियां लेकर आता है और इसकी शुरुआत जल्द ही होने वाली है। नए साल के शुभ अवसर पर कुछ लोग नए काम शुरुआत भी करते हैं। नया साल सभी के लिए खुशियां लेकर आता है और इसकी शुरुआत



जल्द ही होने वाली है। नए साल के शुभ अवसर पर कुछ लोग नए काम शुरुआत भी करते हैं। यहीं नहीं कुछ लोग इस दिन नया प्रण भी लेते हैं। इस दौरान कुछ घरों में पूजा-पाठ का आयोजन भी किया जाता है। मुख्य रूप से नए साल के दिन घर की साज-सज्जा व समान के रख रखाव पर ध्यान दिया जाता है। ऐसा माना जाता है यदि इस दिन घर को साफ रखा जाए तो पूरे साल घर में बरकत होती है। इस दौरान सभी घर से पुराने कैलेंडर हटा कर नए कैलेंडर लगाए जाते है। जिससे नव वर्ष में आने वाले सभी त्योहारों से परिचित रहा जा सकते है। लेकिन क्या आप जानते हैं यदि कैलेंडर को वास्तु के अनुसार लगाया जाए, तो इससे घर में सकारात्मकता बनी रहती है। इसी कड़ी में आइए जानते है कि नए साल के कैलेंडर लगाते समय वास्तु के किन नियमों का पालन करना चाहिए।

## नए साल के कैलेंडर को लगाते समय इन बातों का रखें ध्यान

घर में नए साल का कैलेंडर लगाने से पहले पुराना कैलेंडर हटा दें। इसके बाद ही दीवार पर 2024 का नया कैलेंडर लगाए। वास्तु के अनुसार घर में पुराना कैलेंडर लगे रहने से आपकी तरक्की और जीवन पर इसका असर पड़ सकता है। वास्तु के अनुसार नए साल के कैलेंडर को घर की उत्तर पश्चिम या पूर्वी दीवार पर ही लगाएं। कैलेंडर को भूलकर भी दक्षिण दिशा में न लगाएं। ऐसा करने से घर के मुखिया की सेहत पर बुरा असर पड़ता है। अगर आप घर में तस्वीरों वाला कैलेंडर लगा रहे हैं तो ध्यान रखें कि कैलेंडर पर तस्वीर सकारात्मकता का संदेश देने वाली ही हो।

---

कार्नर न्यूज

मां लक्ष्मी को धन और वैभव की देवी कहा जाता है, इसे रूठने न दें

# इन आदतों के कारण रूठ कर चली जाती हैं मां लक्ष्मी, आज ही बनाएं दूरी

मां लक्ष्मी की कृपा के बिना मनुष्य धनवान नहीं बन सकता है। यही वजह है कि जीवन में हर व्यक्ति लक्ष्मी जी की कृपा पाकर धनवान बनना चाहता है। मां लक्ष्मी को धन और वैभव की देवी कहा जाता है। ऐसा कहा जाता है कि जिस घर में इनका वास होता है, वहां पर कभी भी धन-धान्य की कमी नहीं होती है। मां लक्ष्मी की कृपा के बिना मनुष्य धनवान नहीं बन सकता है। यही वजह है कि जीवन में हर व्यक्ति लक्ष्मी जी की कृपा पाकर धनवान बनना चाहता है। हालांकि कई लोग ऐसे भी होते हैं जो मेहनत के साथ-साथ पूजा पाठ भी खूब करते हैं, लेकिन हमेशा धन के अभाव में ही जीवन व्यतीत करते हैं और परेशान रहते हैं।



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार व्यक्ति की परेशानियों की वजह उसकी कुछ आदतें भी हो सकती हैं। व्यक्ति के अंदर कुछ ऐसी आदतें होती हैं जिसके कारण मां लक्ष्मी रूठ जाती हैं और घर छोड़कर चली जाती हैं। आइए जानते हैं व्यक्ति की उन आदतों के बारे में...

आलसी लोगों से मां लक्ष्मी हमेशा नाराज रहती हैं। ऐसे लोग कभी भी सफलता प्राप्त नहीं करते हैं और हमेशा गरीबी में जीवन व्यतीत करते हैं। आलस से दूर रहने पर ही लक्ष्मी जी की प्राप्ति होती है। कमरे को अस्त-व्यस्त रखना दुर्भाग्य को निमंत्रण देना होता है और मां लक्ष्मी नाराज रहती हैं। साथ ही बेड पर पड़ी गंदी और अव्यस्थित चादरें, कमरे में फैला हुआ कचरा दुर्भाग्य का कारण बनते हैं। ऐसे में आप अपने घर और कमरे की साफ-सफाई पर ध्यान जरूर दें।

यदि आप भी सूर्यास्त के बाद झाड़ू-पोछा लगाते हैं तो अपनी ये आदत आज ही सुधार लें क्योंकि सूर्यास्त के बाद कभी भी झाड़ू-पोछा नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से मां लक्ष्मी नाराज हो जाती हैं और परिवार में कलह होने लगती है, जिससे आर्थिक तंगी का सिलसिला शुरू हो जाता है। इसलिए रात में कभी भी झाड़ू-पोछा न लगाएं। कभी भी खाने की प्लेट में जूठा नहीं छोड़ना चाहिए। इसके अलावा न ही कभी जूठे बर्तनों को देर तक रहने देना चाहिए। इससे मां लक्ष्मी नाराज हो जाती हैं, इसलिए हमेशा रात को सोने से पहले सभी जूठे बर्तन धो लेने चाहिए। जो लोग थोड़ी सफलता पाने के बाद घमंड करने लगते हैं या जरा-जरा सी बात पर क्रोधित हो जाते हैं, मां लक्ष्मी जी ऐसे व्यक्ति का साथ बहुत जल्द छोड़कर चली जाती हैं। इसलिए क्रोध करने से बचें। साथ ही दूसरों का आदर करना न भूलें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## पर्दे पर जॉन विक के रूप में नहीं दिखेंगे रीव्स, आया बड़ा अपडेट



हॉलीवुड के सुपरस्टार कीनू रीव्स को 'जॉन विक' फ्रेंचाइजी की वजह से जाना जाता है। हाल ही में उन्होंने एक बातचीत में इसके पांचवे भाग में लौटने की संभावनाओं पर खुलकर बात की। अभिनेता के मुताबिक उनका दिल इसके लिए तैयार है, लेकिन शरीर खासकर उनके घुटने इस चुनौती को झेलने के लिए अब सक्षम नहीं हैं। कीनू ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा कि जॉन विक की भूमिका के लिए उन्हें काफी शारीरिक मेहनत करनी पड़ी, जिससे उनके घुटनों पर दबाव पड़ा। उन्होंने कहा, ₹आप कभी नहीं कह सकते, लेकिन अब मेरे घुटने कह रहे हैं कि 'आप एक और जॉन विक नहीं कर सकते।₹ हालांकि, अभिनेता ने उस भूमिका के लिए गहरा लगाव व्यक्त किया, जिसने उन्हें दुनियाभर में मशहूर बनाया है। उन्होंने स्वीकार किया कि अब 'जॉन विक' जैसी भूमिका निभाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो गया है। फिर भी कीनू रीव्स जॉन विक यूनिवर्स से जुड़े हुए हैं। वह आगामी फिल्म 'फ्रॉम द वर्ल्ड ऑफ जॉन विक : बैलेरीना' में कैमियो करने वाले हैं। यह फिल्म 6 जून को रिलीज होगी। इस फिल्म में कैमियो रोल में नजर आने वाले हैं। कीनू ने इस बातचीत में 'जॉन विक' के साथ अपने सफर को बेहद खास बताया। यह फ्रेंचाइजी 2014 में शुरू हुई थी। अब यह फ्रेंचाइजी दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हो चुकी है। फ्रेंचाइजी के पहले तीन भागों ने दुनियाभर में 10 करोड़ डॉलर से अधिक की कमाई की है।

### टॉलीवुड

## श्रीकांत की फिल्म में चिरंजीवी के साथ हीरोइन और गाना नहीं, जानिए सच



फिल्म निर्माता श्रीकांत ओडेला के पास दो महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट हैं, एक नानी की 'द पैराडाइज', उसके बाद मेगास्टार चिरंजीवी की 'मेगा 156' है। इन दोनों ने ही अपनी घोषणा के बाद से ही काफी ध्यान आकर्षित किया है। अब, निर्माता ने फिल्मों के बारे में कुछ महत्वपूर्ण अपडेट का खुलासा किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में एसएलवी सिनेमा के निर्माता सुधाकर चेरुकुरी ने श्रीकांत ओडेला द्वारा निर्देशित चिरंजीवी की आगामी फिल्म के बारे में एक चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने इस फिल्म में किसी भी नायिका या गाने के अभाव की अफवाहों को खारिज कर दिया और कहा कि वास्तव में यह प्रोजेक्ट एक पीरियड एक्शन फिल्म होगी। उन्होंने आगे कहा कि निर्देशक के साथ नानी की अगली फिल्म 'द पैराडाइज' भी एक पीरियड ड्रामा होगा। सुधाकर ने यह भी बताया कि 'मेगा 156'की कहानी अभी प्री प्रोडक्शन में है और इसके लिए डीओपी और संगीत निर्देशक का चयन भी कर लिया गया है। उन्होंने कहा, 'मेगा 156 एक पीरियड फिल्म है। इतना ही नहीं 'द पैराडाइज' भी पीरियड बैकग्राउंड पर आधारित है। सोशल मीडिया पर जो कुछ भी प्रसारित किया जा रहा है, उसमें कोई सच्चाई नहीं है। हमने डीओपी और संगीत निर्देशक को फाइनल कर लिया है। फिलहाल कहानी विकास के चरण में है।'

3 दिसंबर को यह घोषणा की गई कि चिरंजीवी ने अपनी अगली फिल्म के लिए 'दशहरा' निर्देशक श्रीकांत ओडेला के साथ हाथ मिलाया है। श्रीकांत ओडेला को पहले नानी के साथ अपना प्रोजेक्ट पूरा करना है, उसके बाद चिरंजीवी के साथ अगली फिल्म पर काम शुरू करना है। नानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस सहयोग के बारे में पहली आधिकारिक पोस्ट साझा की। उन्होंने आगामी फिल्म का एक शानदार पोस्टर साझा किया और एक विशेष नोट लिखा।

### भोजपुरी

## देसी रंग में रंगी रानी, मिट्टी के चूल्हे पर पकाया खाना, बोलीं- शानदार अनुभव



भोजपुरी सिनेमा की चर्चित अदाकारा रानी चटर्जी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मायके का टिकट कटा दी पिया' को लेकर चर्चा में हैं। अभिनेत्री इस फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर सेट से कुछ झलकियां साझा की हैं। रानी शूटिंग के बीच सेट पर खाना बनाती दिख रही हैं। दिलचस्प बात ये है कि वे किसी आधुनिक रसोई में नहीं, बल्कि मिट्टी के चूल्हे पर खाना बना रही हैं। रानी चटर्जी ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक वीडियो शेयर की है। इसमें वे मिट्टी के चूल्हे पर खाना बन रही हैं। साड़ी पहने अभिनेत्री बिल्कुल देसी रंग में रंगी हैं। उन्होंने इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'फिल्म शूटिंग की सबसे अच्छी बात है गांव के जीवन का बहुत अच्छा अनुभव मिलता है। 'माइके के टिकिट कटा दी पिया' पिया के सेट से आपके लिए यह वीडियो शेयर कर रही हूं'। रानी का यह अंदाज देख यूजर्स उनकी तारीफ कर रहे हैं, साथ ही कुछ लोग सलाह भी दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'चूल्हे पर खाना मत बनाइए, मेकअप खराब हो जाएगा'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आपकी फिल्म कब तक आएगी?' एक यूजर ने लिखा, 'आप बेजोड़ हैं दीदी'। रानी चटर्जी के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार फिल्म 'दीदी नंबर 1' में देखा गया था। प्रवीन कुमार गुदुरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रानी चटर्जी के अलावा देव सिंह, अनूप अरोड़ा और आर्यन बाबू सहित कई कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

## पेरिस की रंगीन शाम

पेरिस हाउते कॉउचर वीक फ़ॉल/विंटर 2025 को लेकर माहौल अभी से सरगर्म है। यह लग्ज़री फैशन का शिखर है। यह शो जनवरी और जुलाई में हर दो साल में आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम में चैनल, डायर, और गिवेंची जैसे कॉउचर हाउस की शिल्पकला और कलात्मकता को प्रदर्शित करने की तैयारी है। साल 2025 में यह कार्यक्रम 27-30 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए मॉडल्स खुद को तैयार कर रही हैं।




## फेस वॉश के विकल्प और भी हैं, चेहरा धोने के लिए

जिस तरह से हमें सर्दी से शरीर का बचाव करना पड़ता है, ठीक उसी तरह से त्वचा का भी ठंड के मौसम में खासा ध्यान रखना पड़ता है। आपको सर्दियों के मौसम के लिए कुछ ऐसी चीजों के बारे में जानना चाहिए, जिनका इस्तेमाल आप फेसवॉश की जगह कर सकते हैं। शायद ही कोई ऐसा घर होगा, जहां आपको बेसन देखने को ना मिले। ऐसे मे आप आसानी से बेसन का इस्तेमाल करके अपनी त्वचा को दमका सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस बेसन के साथ गुलाब जल और दही को अच्छे से मिलाना है।

अब इस पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन पर 4 से 5 मिनट के लिए लगाएं और फिर चेहरे को साफ कर लें। इसके बाद आपकी त्वचा खिल उठेगी। सर्दियों में आपके स्किन की नमी कहीं खो जाती है। ऐसे में अगर आप शहद को अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। इसमें मौजूद तत्व आपके चेहरे को चमकाने का काम करेंगे।अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं तो सबसे पहले अपने चेहरे को हल्का सा गीला कर लें। इसके बाद थोड़ा सा शहद हाथ में लेकर अपने चेहरे पर लगाएं। कुछ देर इसे चेहरे की मसाज करने के बाद चेहरे को सादे पानी से धो लें। टमाटर सर्दियों के मौसम में काफी ज्यादा सस्ते मिल जाते हैं। ऐसे में आप चेहरा चमकाने के लिए आप टमाटर के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें मौजूद तत्व आपकी काफी मदद करेंगे। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहती हैं तो सबसे पहले टमाटर का रस निकालें और फिर इसे रुई की मदद से इसे चेहरे पर लगा लें। 5 से 7 मिनट के बाद आप चेहरे को धो सकते हैं।



## सर्दियों में करनी है आउटिंग तो इन कपड़ों को दें प्राथमिकता, ठंड से भी होगा बचाव






सर्दियों के इस मौसम में अगर आप भी अपने दोस्तों के साथ कहीं जाने या अपने शहर में ही आउटिंग का प्लान बना रहे हैं तो ये खबर आपके लिए है।



दरअसल, इस मौसम में आउटिंग के लिए आपको कपड़ों का ध्यान देने की बेहद जरूरत है। अगर आप ऐसा नहीं करेंगी तो ठंड के मौसम में आपकी तबियत खराब हो सकती है। ऐसे में आपको सर्दियों में आउटिंग के लिए कुछ फैशन टिप्स याद रखना चाहिए।

जींस-टॉप

अगर ऐसे कपड़े पहनने का सोच रहीं हैं जो फुल भी हों, और जिसको पहनकर आपका लुक प्यारा भी लगे तो सबसे बेहतर विकल्प तो जींस और फुल टॉप ही है। वुलेन टॉप आपको आसानी से बाजार में मिल जाएंगे, जिसे आप कैरी करके जलवा दिखा सकती हैं।

### फ्लोरल कुर्ता

सर्दी के मौसम में जह हल्की-हल्की धूप निकलती है तो इस तरह का फ्लोरल कुर्ता आपको खूबसूरत लुक दे सकता है। ऐसे में अगर आप अपने दोस्तों के साथ घूमने जा रही हैं तो इस तरह का कुर्ता पहन सकती हैं। इसके साथ आप ओपन स्वेटर कैरी कर सकती हैं।

### ड्रेस के साथ कोट

अगर आप ड्रेस पहनने का सोच रही हैं तो इसके साथ ब्लेजर काफी कमाल का लगेगा। इस लुक को पूरा करने के लिए पैरों में बूट जरूर पहनें। ये आपको सर्दी से बचाएगा।

### ब्लेजर

अगर आप क्लासी लुक कैरी करना चाहती हैं, तो जींस के साथ इस तरह का ब्लेजर कैरी कर सकती हैं। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेगा, साथ में इसकी वजह से आपको सर्दी भी नहीं लगेगी। इसके साथ अपने बालों में आप पोनीटेल बना सकती हैं।

### ओवर साइज स्वेटर

ओवर साइज स्वेटर देखने में कमाल का लगता है। ऐसे स्वेटर को आप जींस के साथ कैरी कर सकती हैं। इसके बाद अगर आप अपने बालों में मेसी बन बनाएंगी तो आपका लुक बेहद कूल दिखेगा।

## दिखना है हैंडसम दूल्हा तो शॉपिंग के समय इन टिप्स को रखिए याद



शादी करने जा रहे हैं और वेडिंग सूट खरीदना है तो यूंहीं खरीदारी करने से बचिएगा। क्योंकि यूंहीं की गई खरीदारी आपकी जेब पर भेल ही भारी न पड़ी हो लेकिन आपके लुक्स पर जरूर भारी पड़ जाएगी।

शादी के लिए सूट लें तो कुछ बातों को जरूर याद रखें। ये वो बातें हैं जिनके बिना आपका लुक पर्फेक्ट आ ही नहीं पाएगा। इसका नतीजा होगा शादी के दिन ही आपका बिगड़ा हुआ लुक।इसलिए शादी से पहले सूट खरीदने जाएं तो इन पांच बातों को जरूर ध्यान रखें-

### वेन्यू और टाइम के साथ हो मैच

सूट खरीदते हुए जरूर आप इसके लुक पर ध्यान देंगे। लेकिन वेन्यू और टाइम को ध्यान में रखना भी जरूरी है। अगर आपकी शादी रात की है तो आपको हल्के रंग का सूट लेना होगा। लेकिन वेन्यू इंडोर है तो सूट डार्क कलर का होना चाहिए। रात में वेन्यू आउटडोर होने पर भी हलके रंग का सूट ही चुनें।

### बॉडी टाइप है जरूरी

शादी के लिए सूट को बॉडी टाइप के हिसाब से भी खरीदा जा सकता है। याद रखिए हर किसी की बॉडी दूसरे से अलग होती है। इसलिए वजन ज्यादा होने पर या बहुत दुबले होने पर सूट सोच-समझकर खरीदें। दुबले हैं तो कई सारे पैटर्न आप पर अच्छे लगेंगे लेकिन मोटे हैं तो आपको फिटेड सूट ही खरीदना चाहिए।

### बिजनेस सूट को भूल जाइए

शादी के लिए सूट खरीद रहे हैं तो सबसे पहले तो अपने बिजनेस सूट का पैटर्न भूल जाइए। उसके हिसाब से सूट बिल्कुल न खरीदिए।आपको लेपल और पॉकेट की डिटेल्स पर भी ध्यान देना होगा।

## आर्टिफिशियल स्टोन बटरफ्लाई के साथ बनाएं ट्विस्ट बन हेयर स्टाइल



ऐसा जरूरी नहीं की आप बन हेयर स्टाइल में हमेशा ओरिजिनल फ्लावर का इस्तेमाल करें। आजकल मार्केट में अलग-अलग डिजाइन की हेयर एक्सेसरीज आ गए हैं। उनके इस्तेमाल से भी आप अच्छा हेयर स्टाइल क्रिएट कर सकती हैं।

### व्हाइट पर्ल टियारा

अगर आपको टियारा लगाना पसंद है तो आप इसके लिए ओरिजिनल फूलों को न लें। आर्टिफिशियल में भी आपको काफी (हेयर स्टाइल टिप्स) अच्छे डिजाइन मिल जाएंगे। जिसे लगाकर आप ओपन हेयर स्टाइल, फ्रंट पफ हेयर स्टाइल या फिर बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इसे लगाने के लिए आपको आगे के बालों को दो हिस्सों में बांटने हैं। फिर इसके बीच में इस टियारा को लगाना है। आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा। इसको लगाने के बाद हेयर स्टाइल बनाने में आपको बस 15 मिनट लगते हैं।

### हेयर चेन

अगर आपके बाल लंबे हैं और आप पोनी टेल या फिर ओपन हेयर स्टाइल करने के बारे में सोच रही हैं तो बेस्ट है ये हेयर चेन इसे लगाने (थ्री इजी हेयर स्टाइल) के बाद आपको बालों में किसी और चीज को लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसे लगाने के लिए आपको पहले अपने हेयर स्टाइल को सेट करना है। फिर इसे पूरे बालों में लगाना है। आप चाहे तो इसे आधे बालों में भी लगा सकती हैं। इसकी खास बात ये है कि इसे दोबारा इस्तेमाल में लाया जा सकता है।

कार्नर न्यूज

### हिप-हॉप फैशन के साथ ही आया है ओवरसाइज कपड़े पहनने का ट्रेंड

## नए साल का वेलकम कीजिए ओवरसाइज ट्रेंड के साथ, परफेक्ट लुक के लिए याद रखें जरूरी टिप्स

*पिछले कुछ दिनों में हिप-हॉप फैशन के ओवरसाइज कपड़े पहनने का ट्रेंड खूब चल रहा है। ये ट्रेंड और कॉलेज गोअर्स के बीच खूब पसंद किया जा रहा है। अब तो बड़े-बड़े स्टार्स भी इस ट्रेंड को फॉलो कर रहे हैं। दरअसल इसमें आराम भी मिलता है और स्टाइलिंग भी हो जाती है। ओवरसाइज टी-शर्ट तो काफी स्मार्ट दिखती हैं साथ में ऐसी शर्ट भी काफी अच्छी लगती है। पुरुष ओवरसाइज पैंट भी खूब पहनते हैं और जींस भी। लेकिन ये ट्रेंड किसी पर भी कभी भी अच्छा लगे ये जरूरी नहीं है। बल्कि कई बातें ध्यान रखनी होती हैं, जो ओवरसाइज ट्रेंड को परफेक्टली फॉलो करने में आपकी मदद करती हैं। कौन सी हैं ये बातें, जानते हैं-*





### मौका क्या है?

मौका क्या है? ओवरसाइज ट्रेंड को पहनते हुए सबसे बड़ा सवाल यही होता है। दरअसल ये ऐसा ट्रेंड नहीं है, जिसे कभी भी पहना जा सके। इसको खास मौकों पर ही पहना जा सकता है।

### ओवरसाइज हो बड़ा नहीं

ओवरसाइज फैशन में हाथ आजमाना है तो आपको साइज का ही ध्यान रखने की जरूरत होती है। इसमें आपको जरूरत से ज्यादा बड़ी ड्रेस नहीं बल्कि ओवरसाइज ड्रेस ही लेनी है। मतलब ऐसा न हो कि ओवरसाइज के चक्कर में आप अपने साइज से कई साइज बड़े कपड़े ले लें।

### कंधे और कमर पर ओवरसाइज

याद रखिए कपड़े ओवरसाइज ही लेने का एक तरीका ये है कि इनके कंधे और कमर देखिए। ये दोनों अगर ओवरसाइज हैं तो समझिए आप सही कपड़े चुन रहे हैं। वरना ऐसा लगेगा मनो आपके कपड़े हैंगर पर टंगे हैं।

### बैलेंस है जरूरी

ओवरसाइज कपड़ों के साथ बैलेंस बहुत जरूरी है। जैसे आप ओवरसाइज कोट के साथ ओवरसाइज पैंट नहीं पहन सकते हैं। बल्कि आपको ओवरसाइज कोट के साथ फिटेड पैंट पहननी चाहिए। लेकिन ये सुपर स्किनी नहीं होनी चाहिए।

